झारखण्ड देखो

Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

www.jharkhanddekho.com | वर्ष 01 • अंक 93 • दुमका • शुक्रवार, 9 अप्रैल 2021 • पृष्ठ 6 | Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com

सतन आश्रम ट्रस्ट, धधकिया द्वारा संचालित

सतन आश्रम गुरुकुलम

रामगोपाल शर्मा

आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य

नए सत्र में नवम् एवं दशम् वर्ग शुरू हो रहा है।

कक्षा - बाल वर्ग से अष्टम् वर्ग तक

माध्यम - हिन्दी एवं अंग्रेजी

(सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम)

कम्प्यूटर | मध्यान भोजन | प्रयोगशाला

फिनलैंड एवं भारतीय संस्कृति के माध्यम से अनुभवी शिक्षक द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था

सत्र 2020-21 के लिए नामांकन प्रारंभ है।

• स्थान : सतन आश्रम, रामगोपाल शर्मा, धधकिया • सम्पर्क नं. - 8409399342, 7903712653 • www.rgsgurukulam.com

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली में गंगाराम अस्पताल बना कोरोना का नया हॉटस्पॉट

दिल्ली। सर गंगाराम अस्पताल में एक साथ 37 डॉक्टर कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इनमें 32 डॉक्टर होम आइसोलेशन हैं और पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया है। फिलहाल यह अस्पताल राजधानी में यह सबसे बड़ा हॉट स्पॉट के रूप में सामने आया है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को सभी डॉक्टरों की रिपोर्ट आई है। इनमें 37 डॉक्टर कोरोना संक्रमित मिले हैं।

हालांकि अधिकतर डॉक्टरों में संक्रमण के हल्के लक्षण हैं लेकिन एहतियात के तौर पर इन्होंने खुद को घर में एकांत में रखा है लेकिन पांच डॉक्टरों की हालत गंभीर है। इनकी आयु भी 50 वर्ष से अधिक है। इन डॉक्टरों को तत्काल गंगाराम अस्पताल के ही कोविड वार्ड में भर्ती किया है। संक्रमित पाए गए डॉक्टरों में से अधिकांश डॉक्टर कोरोना वायरस से बचाव के लिए वैक्सीन ले चुके हैं। यही वजह है कि इन्हें संक्रमित होने के बाद बेहद हल्के लक्षण दिखाई दे रहे हैं।

दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में पिछले एक सप्ताह में 50 से अधिक स्वास्थ्यकर्मी कोरोना से संक्रमित मिले। मेडिसिन विभाग के कुछ वरिष्ठ डॉक्टरों के अलावा सर्जरी के भी रेजिडेंट डॉक्टर कोरोना संक्रमित मिले हैं। इनमें से अधिकतर ऐसे हैं जिन्हें बेहद हल्के लक्षण हैं।

सुविचार

अगर आप पागल ही बनना चाहते हो, तो सांसरिक वस्तुओं के लिए मत बनो, बल्कि ईश्वर के प्रेम में पागल बनों।

● रामकृष्ण परमहंस

गुड मॉर्निंग

पत्नीः मैं तुम्हें कितनी अच्छी लगती हूं?
पतिः बहुत ज्यादा।
पत्नीः फिर भी बताओ कितनी?
पतिः इतनी कि मन करता है तुम्हारे जैसी एक और ले आऊं।

बिजनेस

सेंसेक्स

49,746.21+84.45 (0.17%)

निफ्टी

14,873.80+54.75 (0.37%)

दैनिक पंचांग

तिथिः कृष्ण वसंत
मास अमांतः फाल्गुन
मास पूर्णिमांतः चैत्र
वारः शुक्रवार सम्वतः 2077
नक्षत्रः पूर्वाभाद्रपद - पूर्ण रात्रि तक
योगः शुक्ल - 13:32:02 तक
करणः गर - 15:50:39 तक

मौसम

अधिकतम – 43°
न्यूनतम – 28°

सूर्योदयः 06:02:51
सूर्यास्तः 18:43:17

पीएम मोदी ने मुख्यमंत्रियों संग बैठक में क्या-क्या कहा

' देश में संपूर्ण लॉकडाउन की जरूरत नहीं'

नई दिल्ली/एजेंसी।

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद एक तरफ लोगों से लापरवाही नहीं बरतने की अपील की तो राज्य सरकारों को टेस्टिंग बढ़ाने और कंटेनमेंट जोन के जरिए कोरोना को नियंत्रित करने की सलाह दी। पीएम मोदी ने यह भी ऐलान किया है कि 11 से 14 अप्रैल के बीच देश में टीका उत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने इस दौरान राज्यों से 45 साल से अधिक उम्र के लोगों को टीका लगवाने को कहा।

पीएम मोदी ने कोरोना के खिलाफ मुकाबले में नाईट कर्फ्यू के फायदे बता यह भी साफ कर दिया कि देश में संपूर्ण लॉकडाउन नहीं लगने जा रहा है। हां, लोग पहले से अधिक बेपरवाह हो गए हैं, कुछ राज्यों में प्रशासन शिथिलता बरत रहा है।

पीएम मोदी ने कहा, "पिछले साल हमारे पास टेस्टिंग लैब, किट नहीं

थे। उस समय केवल लॉकडाउन एक सहारा था। हमारी रणनीति काम आई। लॉकडाउन के समय का उपयोग करते हुए हमने अपनी क्षमता बढ़ाई और संसाधन विकसित किए। आज हमारे पास संसाधन हैं तो हमारा बल छोटे-छोटे कंटेनमेंट जोन पर होना चाहिए। हमें इसके परिणाम मिलेंगे। यह मेहनत रंग लाएगी।" पीएम मोदी ने टेस्टिंग बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि कंटेनमेंट जोन्स में सभी लोगों की टेस्टिंग की जाए।

जहां नाईट कर्फ्यू का इस्तेमाल हो रहा है, वहां मेरा आग्रह है कि कोरोना कर्फ्यू शब्द का इस्तेमाल करें। ताकि कोरोना के प्रति सजगता बनी रहे। कुछ लोग कहते हैं कि क्या कोरोना रात को ही आता है। दुनिया ने नाइट कर्फ्यू के प्रयोग को स्वीकार किया है। हर व्यक्ति को कर्फ्यू से याद आता है कि कोरोना काल में जी रहा हूं। और बाकी जीवन व्यवस्था पर कम असर होता है। अच्छा होगा कि हम कोरोना कर्फ्यू को रात 9 से 10 बजे से सुबह 5 बजे तक चलाएं, ताकि बाकी चीजों पर उसका कम से कम असर हो।"

वैक्सीन की किल्लतों पर हंगामे के बीच बोला केंद्र- टीकों की कमी नहीं, स्टॉक में है 4.3 करोड़ डोज

नयी दिल्ली/एजेंसी। भारत में कोरोना की नई लहर ने त्राही त्राही मचा दी है। हर रोज नए रिकॉर्ड मामले सामने आ रहे हैं। देश में दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण भी चालू है, लेकिन कुछ राज्यों ने चिंता जताई है कि आने वाले कुछ दिनों में उनका वैक्सीन स्टॉक खत्म होने वाला है। जिसके कारण मजबूर होकर उन्हें वैक्सीन सेंटर बंद करने पड़ सकते हैं। इस के बाद केंद्र स्वास्थ्य मंत्री ने चिंताओं को दूर करते हुए कहा है कि वैक्सीन खुराकों की कोई कमी नहीं है। देश के पास 4.3 करोड़ वैक्सीन खुराक का स्टॉक है।

महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और झारखंड सहित राज्यों ने शिकायत की कि उन्हें टीकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि कई अन्य राज्यों से रिपोर्ट आई कि टीके केंद्र जल्दी बंद हो रहे थे या सप्लाई के न आने का वजह से लोगों को वापस भेज रहे थे।

सरहुल और रामनवमी पर नहीं निकलेगी शोभा यात्रा

रांची/एजेंसी।

कोरोना को लेकर सरहुल की शोभा यात्रा नहीं निकाली जाएगी। गुरुवार को जिला प्रशासन के साथ बैठक में सरहुल पूजा समितियों ने यह निर्णय लिया है। सिरोमटोली स्थित मुख्य सरना स्थल पर सिर्फ पांच लोग पूजा -पाठ करेंगे। अलग-अलग मौजा में भी पांच लोग सरनास्थल पर वाहन से पहुंचेंगे और बारी-बारी से पूजा-पाठ कर लौटेंगे। ढोल-नगाड़ा साथ नहीं लाएंगे। उधर श्री महावीर मंडल, रांची से जुड़ी समितियों ने रामनवमी शोभायात्रा नहीं निकालने का निर्णय लिया है। रमजान माह को लेकर विभिन्न मस्जिद कमेटियों ने क्षमता से आधे लोगों को ही मस्जिद आने और बुजुर्गों को घर पर ही इबादत करने को कहा है।

सरकार के गाइडलाइन के तहत विभिन्न मस्जिद कमेटियों ने सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए नमाज अदा करने को कहा है। एदार -ए- शरीया झारखंड के प्रवक्ता अकीलउर्रहमान ने बताया कि सभी मस्जिद कमेटियों को कहा गया है कि मस्जिद में मास्क के साथ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराएं। फर्ज नमाज के अलावा अन्य नमाज घर पर ही अदा करें। मस्जिद- ए - जफरिया के इमाम मौलाना तहजीबुल हसन व हदीस मस्जिद के खतीब मौलाना शफीक अलियावी ने कहा है कि बिना मास्क के मस्जिद न आएं।

बाहरी और भीतरी की बात ममता की घबराहट : नड्डा

कोलकाता/एजेंसी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को उत्तर बंगाल में ताकत दिखायी। उन्होंने दिनहाटा और मेखलीगंज में भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में रोड शो किया। पहला रोड शो अलीपुरदुआर में चौपाथी से कोर्ट मोड़ तक निकाला गया जिसने 4 कि.मी. से अधिक की दूरी तय की। इसके बाद दिनहाटा के भाजपा उम्मीदवार निशिथ प्रमाणिक के समर्थन में जेपी नड्डा ने दिनहाटा संहति मैदान से अलीपुरदुआर के

दिनहाटा रेल स्टेशन पार्किंग ग्राउंड तक रोड शो निकाला। मेखलीगंज में हुजूरसाहेब मेन गेट से भोलार हाट मोड़ तक भी रोड शो निकाला गया। जेपी नड्डा ने कहा कि बाहरी और भीतरी की बातों से ममता की घबराहट दिखती है।

चौथे चरण के लिए थमा चुनावी शोर, सबसे अधिक हाई प्रोफाइल सीटों पर मतदान कल

कोलकाता/एजेंसी।

राज्य में विधानसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए मतदान 10 अप्रैल को होगा। इसके लिए गुरुवार को चुनाव प्रचार थम गया। चुनाव आयोग की ओर से इन सीटों पर मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। चौथे चरण के तहत 44 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होना है। काबिलेगौर यह है कि इस चरण में सबसे अधिक हाई प्रोफाइल उम्मीदवार शामिल हैं। इनमें

प्रमुख हैं केन्द्रीय मंत्री बाबुल सुप्रीयो, सांसद लॉकेट चटर्जी, राज्य के मंत्री पार्थ चटर्जी, अरूप विश्वास, जावेद अहमद खान, राजीव बनर्जी, अब्दुल मन्नान, मो. सलीम, सुजन चक्रवर्ती, वैशाली डालमिया, रूपहले पर्दे के कलाकार यश दासगुप्ता, श्रावंती, पायल आदि शामिल हैं। राज्य में अब तक तीन चरणों में मतदान हो चुका है। अब तक के चरणों में 91 सीटों के लिए चुनाव हुआ है। इस चरण में 373 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कुल 11581022 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 15940 पोलिंग बूथों पर मतदान होगा। चौथा चरण काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इस चरण में कई बड़े नेताओं की किस्मत का फैसला ईवीएम में बंद हो जाएगा।

भाजपा रुपये दे तो ले लें, वोट तृणमूल को दें : अभिषेक

कोलकाता/एजेंसी। तृणमूल युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा लोगों के वोट खरीदने के लिए रुपये बांट रही है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से कहा कि वे भाजपा की ओर से दिए जाने वाले रुपये लेने के बाद तृणमूल के पक्ष में मतदान करें। अभिषेक बनर्जी ने अलीपुरदुआहर जिले के कुमारग्राम में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए जोर दिया कि लोगों को मोलभाव करना चाहिए और 500 रुपये की पेशकश किए जाने पर मतदाताओं को 5,000 रुपये मांगने चाहिए। उन्होंने कहा, 'कमल (भाजपा का चुनाव चिन्ह) से रुपये ले लें और दो फूलों (तृणमूल का चुनाव चिन्ह) को वोट दें।

नक्सलियों ने कोबरा जवान राकेश्वर सिंह को छोड़ा

रायपुर/एजेंसी।

बीजापुर हमले के दौरान अगवा किए गए कोबरा बटालियन के जवान राकेश्वर सिंह मनहास को नक्सलियों ने रिहा कर दिया है। राकेश्वर सिंह मनहास को सुरक्षित छुड़ाने के लिए लगातार कोशिशें की जा रही थीं। सीआरपीएफ के कोबरा कमांडो राकेश्वर सिंह मनहास का परिवार इस वाकए की जानकारी के बाद से गहरे सदमे में था।

कोबरा जवान राकेश्वर सिंह मनहास को छुड़ाए जाने के बाद से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। उनकी

पत्नी मीनू मनहास ने कहा कि मैं ईश्वर का, केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार के साथ मीडिया और सेना का धन्यवाद करती हूं। आज मेरी जिन्दगी में सबसे खुशी का दिन है। मीनू मनहास ने यह भी बताया कि उन्हें अधिकारियों से उनके पति की सुरक्षित वापसी की जानकारी मिली है। उनके पति का स्वास्थ्य ठीक है। राकेश्वर सिंह मनहास की मां कुंती देवी ने कहा कि आज मैं बहुत ज्यादा खुश हूं। जो हमारे बेटे को छोड़ रहे हैं उनका भी धन्यवाद करती हूं। भगवान का भी धन्यवाद करती हूं। जब सरकार की बात हो रही थी तो मुझे थोड़ा भरोसा तो था लेकिन यकीन नहीं हो पा रहा था। मालूम हो कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में तीन अप्रैल को हुई मुठभेड़ के बाद अगवा किए गए जवान राकेश्वर सिंह मनहास की रिहाई के लिए नक्सलियों ने शर्तें रखी थीं। दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी की ओर से जारी दो पेज के पर्चे में कहा गया था कि सरकार पहले मध्यस्थ नियुक्त करे तब कोबरा कमांडो राकेश्वर सिंह मनहास की रिहाई करेंगे। नक्सलियों ने जारी पर्चे में यह माना था कि इस मुठभेड़ में उनके कुछ साथी मारे गए हैं।

नक्सलियों ने पर्चे में दावा किया था कि सुरक्षा बलों के 14 हथियार और दो हजार कारतूस उनके पास हैं। नक्सलियों ने कहा था कि सरकार को बातचीत के लिए माहौल बनाना चाहिए।

Unique Id: JH/2021/0276302

SAICARE FOUNDATION

• Helping • Healing • Caring

We Always Believe To Help You In Any Way

Registered Add: Raj Bhawan, Office No: 02, Station Road, Latehar, Jharkhand - 829207

Corporate Add: Rajdhani Green Garden Parking, Nalanda Colony, Khajpura, Bailey Road, Patna – 800014

+91-9975800608, +91- 98253 10450, +91-9973578177 & +31-626703632

Web: www.saicarefoundation.com Email: saicareworld@gmail.com

आवश्यकता

झारखण्ड की उपराजधानी दुमका से संचालित 'झारखण्ड देखो' डिजिटल ईपेपर के लिए झारखण्ड के सभी ज़िलों से संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधि की आवश्यकता है।

संपर्क करें -9955599136

राजकीय महिला पॉलिटेक्निक को बनाया गया कोविड केयर सेंटर

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका ।
उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राजेश्वरी बी ने कहा कि दुमका जिला में वैश्विक महामारी कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए कोविड-19 सस्पेक्टेड एवं कनफर्म्ड मरीजों के उपचार हेतु राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, दुमका भवन को कोविड केयर सेंटर के रूप में चिन्हित किया गया है। इस कोविड केयर सेंटर में दुमका, मसलिया, गोपीकांदर एवं काठीकुंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोविड-19 के पॉजिटिव मरीजों का उपचार किया जाएगा। राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, दुमका में कोविड केयर सेंटर के रूप में सुव्यवस्थित रूप में संचालित कराने हेतु प्रशासनिक व्यवस्था के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, दुमका एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था के लिए डॉ मो जावेद, प्रथम चिकित्सा पदाधिकारी, दुमका सदर को प्रभारी पदाधिकारी प्राधिकृत किया गया है। कोविड केयर सेंटर के प्रभारी अस्पताल संचालन के लिए अपने

स्तर से एक-एक नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करेंगे एवं उनका संपर्क नंबर नियंत्रण कक्ष सहित सभी संबंधितओं को उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने निदेश दिया कि कोविड केअर सेंटर संचालन के क्रम में कोविड-19 के रोकथाम के लिए सुरक्षा नियमों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह इंसिडेंट कमांडर एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी कोविड केअर सेंटर के प्रभारियों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, दुमका नियमित रूप से कोविड केअर सेंटर को डिस्इनफेक्ट कराने की कार्रवाई करेंगे। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि कोविड-19 सेंटर को सुव्यवस्थित रुप से संचालन के लिए राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, दुमका में पर्याप्त संख्या में बेड, कोविड-19 सुरक्षा कीट एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था यथाशीघ्र करना सुनिश्चित कराते हुए अपने स्तर से संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी को आवशयक निर्देश देंगे।

पत्थर के अवैध उत्खनन से प्राकृतिक सम्पदा का अस्तित्व खतरे में

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका।
शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र में पत्थर माफियाओं द्वारा अवैध पत्थर खनन किए जाने के कारण प्राकृतिक संपदा भी समाप्त हो रही है. अंचल के धान घरा और शंकरपुर मौजा के मध्य स्थित सिंचाई नाला पत्थर माफियाओं के कारण अपना अस्तित्व खो रहा है। जिसे देखने वाला कोई नहीं है. खनन विभाग राजस्व विभाग के ऊपर पल्ला झाड़ रहा है तो राजस्व विभाग जानकारी का अभाव बता रहा है। जिसका परिणाम यह है कि नाले के दोनों तरफ जहां गर्मी में भी धान की खेती की जाती थी आज वह समाप्त हो गई है. नाला एकदम सूखा वीरान पड़ा हुआ है. उससे सटे शंकर पुर मौजा में पत्थर की अवैध खदान पश्चिम बंगाल के कुछ पत्थर माफियाओं द्वारा संचालित की जा रही है. इस कार्य में अगर राजस्व कर्मचारी एवं खनन विभाग की संलिप्तता कहीं जाए तो कहीं से भी गलत नहीं होगा क्योंकि इतनी

बड़ी खदान बन जाती है लेकिन खनन और राजस्व विभाग को कोई जानकारी ही नहीं रहती है. अवैध पत्थर खनन कर पत्थर सीधे पश्चिम बंगाल भेजा जा रहा है जिससे झारखंड सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व की क्षति हो रही है. प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लगभग 500 पत्थर की अवैध खदानें चल रही हैं. जिनमें मात्र एक दर्जन पत्थर खदानों को ही खनन विभाग द्वारा सीटीओ प्राप्त हुआ' संथाल परगना काश्तकारी अधिनियम के तहत भूमि संबंधित सबसे बड़ा अधिकार संबंधित ग्राम प्रधान का होता है. सरकारी भूमि हो या गोचर भूमि उनका नामोनिशान पत्थर माफियाओं द्वारा समाप्त किया जा रहा है और संबंधित गांव के ग्राम प्रधान अंजान बने हुए हैं यह कैसी विडंबना है. इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी सह जिला टास्क फोर्स कमेटी के पदेन सचिव दिलीप कुमार तांती कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है वहीं अंचल अधिकारी राजू कमल कहते हैं कि मेरा पदस्थापन अभी हाल में ही हुआ है अगर इस तरह की खदानें चल रही हैं तो राजस्व कर्मचारी एवं अंचल निरीक्षक से जांच कराकर खनन कार्य में लगे लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

लोको पायलट की सूझबूझ ने आत्महत्या के लिए रेललाईन पर लेटा युवक की बचाई जान

- **दुमका-जसीडीह रेलमार्ग पर बासुकीनाथ पोल संख्या 57 / 4 की घटना**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

जरमुंडी।
जसीडीह दुमका रेलखंड पर बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन से कुछ ही दूरी पर पोल संख्या 57/4 के समीप ट्रेन रोककर लोको पायलट ने आत्महत्या करने जा रहे एक युवक की जान बचा ली। यह घटना गुरुवार को सुबह करीब 10 20 बजे के आसपास उस समय हुई जब दुमका जसीडीह अप पैसेंजर ट्रेन 53551 बासुकीनाथ स्टेशन से खुलकर जसीडीह की ओर रवाना हुई। बासुकीनाथ स्टेशन से कुछ ही दूरी पर आत्महत्या करने के ख्याल से रेलवेलाइन पर पोल संख्या 57/4 के समीप लेटा हुआ था। इस बीच पैसेंजर ट्रेन के लोको पायलट की नजर आत्महत्या के लिए लेटे युवक पर पड़ी तो सूझबूझ दिखाते हुए उसने ट्रेन रोक दिया। इसके बाद उक्त युवक को बासुकीनाथ स्टेशन मास्टर राजकमल के नेतृत्व में आरपीएफ को सौंप दिया गया। फिर पैसेंजर ट्रेन जसीडीह के लिए रवाना हुई। इस बीच स्टेशन मास्टर राजकमल ने सामाजिक जागरूकताा के लिए स्थानीय

सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन मंडल एवं अन्य लोगों को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर सामाजिक कार्यकर्ता अपनी टीम के साथ स्टेशन पहुंचे और आरोपी युवक को लगभग 3 घंटे तक बातचीत की और घरेलू विवाद को लेकर समझाया-बुझाया। इस बीच युवक के द्वारा दिए गए फोन नंबर पर संपर्क कर उसके परिजनों को बासुकीनाथ स्टेशन बुलाया गया। जिसके बाद सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन मंडल और उनकी टीम ने द युवक को खाना-पीना खिलाकर घर जाने के लिए परिजनों के साथ रवाना किया। इस अवसर पर रेलवे स्टेशन सुपरिटेंडेंट चंद्रशेखर मंडल स्टेशन मास्टर राजकुमार, सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन मंडल, रेलवे टिकट काउंटर के कर्मी सुरेन्दर मंडल, दुलाल दर्बे आदि मौजूद थे। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार उक्त युवक देवघर जिला के सारठ थाना क्षेत्र का निवासी बताया जाता है तथा दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र में युवक का ससुराल बताया जाता है। युवक घरेलू विवाद को लेकर परिजनों के साथ झंझट करके घर से निकला था। इस बीच वाह अपने ससुराल में जाकर बासुकिनाथ स्टेशन के समीप रेल लाइन पर ट्रेन से कटकर जान देने की कोशिश कर रहा था।

67 व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाए गए,दो की मौत

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका ।
उपायुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि 67 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। अब तक दुमका जिला में कुल 1794 लोग कोरोना से संक्रमित हुए हैं। वर्तमान में कुल 350 कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज किया जा रहा है। उपायुक्त ने लोगों से अपील कि है कि बिना मास्क के घर से बाहर नहीं निकलें व सामाजिक दूरी का पालन करें। अफवाहों से दूर रहें। स्वास्थ विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। यंहा बता दे की कोरोना के वजह से दो की मौत हो गयी है .

फौजदारी दरबार में चैत्र मास द्वादशी तिथि पर उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

बासुकीनाथ।
विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ के दरबार में गुरुवार को भक्तों की भा-री भीड़ उमड़ी। इस मौके पर सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक सैकड़ों भक्तों ने अरघा के माध्यम से पूजा अर्चना किया। बासुकीनाथ मंदिर के पुरोहित पंडित आशुतोष झा ने बताया कि गुरुवार को चैत्र मास कृष्ण पक्ष द्वादशी तिथि के शुभ मौके पर बासुकीनाथ मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। इस मौके पर देश के कोने-कोने से आए भक्तों ने अपने पूर्व मनौती के अनुरूप बासुकीनाथ मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। इस अवसर पर कोविड-19 के संक्रमण से बचाव को लेकर शारीरिक दूरी का अनुपालन करते हुए भक्तों को अरघा के माध्यम से जलाभिषेक कराया गया। इस मौके पर मंदिर प्रबंधन एवं जरमुंडी थाना पुलिस सक्रिय रही।

इस मौके पर मंदिर के सहायक प्रबंधक सुभाष राव, मंदिरकर्मी मदन झा, बृजेश झा, कपिलदेव पंडा, गौतम राव, उदय मंडल, नंदकिशोर ठाकुर, गुड्डू ठाकुर, सत्यवान पंडा, जरमुंडी थाना के पुलिस पदाधिकारी व जवान काफी सक्रिय दिखे।

दुमका जिला में नही थम रहा है ओवर लोड ट्रकों में गिट्टी, बालू का परिचालन, प्रशासन मौन

- **अवैध धंधा पर नहीं लगा रोक तो होगा आंदोलन -डॉ लुईस मरांडी**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

दुमका ।
एक तरफ पत्थरों के अवैध खनन के खिलाफ उपायुक्त राजेश्वरी बी के निर्देश पर टास्क फोर्स टीम गठित कर कार्यवाही कराई जा रही है वहीं दूसरी ओर क्षमता से दुगनी गिट्टी और बालू ओवरलोड ट्रकों का परिचालन लगातार देखा जा रहा है । झारखण्ड राज्य के अंतिम छोर पर बसे दुमका और गोड्डा ज़िले जहां से गिट्टी और बालू का कारोबार चरम पर है, वही दूस-री तरफ सरकार के हर नियम को दरकिनार कर, ओवरलोड वाहनों को दुमका, भागलपुर रोड और गोड्डा हंसडीहा रोड में देखा जा सकता है। एक तरफ जहां पहाड़ों के अस्तित्व को मिटाया जा रहा है । लाख नियम कानून बना दें,

मगर इस जिले में तोड़ने वालों की कमी नही है । ओवरलोड ट्रकों पर नकेल कसने में प्रशासन विफल हो रहा है। आप को बता दे कि झारखण्ड में 14 चक्के के वाहनों में गिट्टी और बालू ढोने की मनाही है फिर भी गाड़ियां धड़ल्ले से चल रही है. वही ओवरलोड होने से

सरकार को राजस्व की क्षति हो रही है, और सड़कों का नुकसान भी हो रहा है । झारखण्ड से सटे बिहार राज्य के बाँका जिला में जिस दिन प्रशासन के द्वारा जांच की जाती है उस दिन अधिकांस गाड़ियां गोड्डा जिला होते हुए हनवारा और हनवारा से सनहोला होते हुए पास कराई जाती है । वहीं गिट्टी बालू से ओवरलोड ट्रकों को ड्राइवरों द्वारा इतनी गति से चलाया जाता है कि आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है । वंही शिकारीपाड़ा, सरसडंगाल, रामपुरहाट, पत्ताबाड़ी, मसानजोर रोड में दिन दहाड़े
ओवर लोड ट्रकों में गिट्टी भर कर बाहर भेजा जाता है. पर इनपर नकेल कसने वाला कोई नहीं है. उल्टा इन ट्रको से सफेदपोश गाड़ियां नंबर प्लेट ढककर इनसे मोटी कमीशन वसूला जाता है. इस मामले में झारखण्ड की पूर्व मंत्री डॉ लुईस मरांडी ने कहती है की झारखण्ड में ये सारे अवैध धंधा राज्य सरकार के इशारे पर हो रहा है. ये सरकार हर मोर्चे में विफल है. यंहा तक जिला प्रशाशन सरकार के इशारे पर कार्य कर रही है. इसलिए अवैध धंधा फल फूल रहा है. पूर्व मंत्री ने कहा की अगर इसपर रोक नहीं लगा तो भाजपा के बैनर तले उग्र आंदोलन होगा.

संक्षिप्त समाचार

10 अप्रैल को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत स्थगित

दुमका। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। व्यवहार न्यायालय में कोविड 19 का प्रकोप बहुत ज्यादा बढ़ जाने के कारण 10 अप्रैल को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत स्थगित कर दी गई है। लोक अदालत का स्थगन का आदेश झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार ने जारी किया है। इसकी जानकारी प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने दी। उन्होंने बताया कि बढ़ते कोरोना संक्रमण को लेकर 10 अप्रैल को होने वाला राष्ट्रीय लोक अदालत को स्थगित किया गया है। अब राष्ट्रीय लोक अदालत 8 मई को आयोजित होगी। यहां बता दें कि दुमका व्यवहार न्यायालय में पहले दो न्यायिक पदाधिकारी सहित 20 स्टाफ कोरोना संक्रमित पाए गए। जिस कारण प्रभारी जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने 9 अप्रैल तक वर्चुअल मोड़ में अति महत्वपूर्ण काम का सुनवाई करने का आदेश जारी किया था।

गर्मा धान पटवन हेतु छोड़ा गया 100 क्यूसेक पानी

दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। मसानजोड़ डैम के मयूराक्षी बाया तट मुख्य नहर से देर शाम गर्मा धान के पटवन के लिये पानी छोड़ा गया हैं। जानकारी के अनुसार नहर से एक सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।सिंचाई प्रशाखा रानिबहाल के कर्मचारी संजीव राय ने बताया कि यहां लगातार दस दिन पटवन उपलब्ध कराया जायेगा। प्रखंड क्षेत्र के आठ ग्राम पंचायतों के हजारों हेक्टेयर जमीन पर गर्मा धान लगाया गया हैं।

6 केंद्रों में अभियान चलाकर किया गया टीकाकरण

दुमका। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। काठीकुंड प्रखंड के 6 केंद्रों में अभियान चलाकर 45 से ज्यादा उम्र वाले महिला पुरुषों को कोविड-19 का टीका दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार ने बताया कि प्रखंड के 6 केंद्रों देवडीह विद्यालय चौधर, स्वास्थ्य उपकेंद्र घासीपुर, स्वास्थ्य उपकेंद्र लखनपुर, कालाजार पंचायत भवन, स्वास्थ्य उपकेंद्र पुसालडीह, स्वास्थ्य उपकेंद्र तिलाईटांड में शिविर आयोजित कर लोगों को टीका दिया गया है। प्रखंड में कोविड 19 से बचाव के लिए टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है, जिससे किसी भी तरह के अफवाह से लोग बच सकें। प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रवि प्रकाश ने सभी केंद्रों में पहुंच कर निरीक्षण कर कर्मचारियों को आवशयक निर्देश दिए। बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए सहिया, सेविका, सहायिका, पोषण सखी, ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक पंचायत सेवक राजस्व कर्मचारी पारा शिक्षक, सहायक शिक्षकों और जनवितरण दुकानदार को प्रतिनियुक्त किया गया है।

अज्ञात वाहन के चपेट में आने से राहगीर की मौत

दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि) । जामा थाना क्षेत्र के बैसा जामा मुख्य मार्ग पर तारा टिकर गांव के समीप गुरुवार देर शाम को करीब साढ़े सात बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जामा पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से मृतक के शव को थाना ले आयी । मृतक की पहचान तारा टिकर गांव के ही 50 वर्षीय कौंग्रेस मंडल के रूप में हुई है।
मिली जानकारी के अनुसार मृतक कौंग्रेस मंडल किसी काम से बैसा गए थे वहीँ से लौटने के क्रम में अज्ञात वाहन के चपेट में आ गया। बताते चले कि भुरभुरी पुल बंद होने से बड़ी बड़ी मालवाहक गाड़ी इसी सड़क से गुजराती है.घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया.जामा थाना पुलिस मौके पर पहुँच कर छानबीन कर रहीं है।

हायजीन रेटिंग योजना का कार्य प्रारम्भ

दुमका । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। सचिव सह खाद्य सुरक्षा आयुक्त, झारखण्ड के आलोक में खाद्य प्रतिष्ठानों में हायजीन रेटिंग योजना के क्रियान्वयन करने हेतु अभिहित अधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी महेश्वर महतो के निदेशानुसार हायजीन रेटिंग योजना का कार्य प्रारम्भ किया गया। इसी क्रम में धनेश्वर प्रसाद हेम्ब्रम, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, दुमका के द्वारा बताया गया कि एफएसएसएआई फूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा सूचिबद्ध ऑडिटिंग एजेंसी, आर आई आर सर्टिफिकेशन द्वारा दुमका जिलान्तर्गत प्रथम फेज में 25 खाद्य प्रतिष्ठानों का हायजीन रेटिंग 6 अप्रैल से 8 तक किया गया, जिसका रिपोर्ट निम्न बिन्दुओ के आधार पर तैयार किया जा रहा है.
रेस्टोरेन्ट व होटल में मिलने वाला खाना कितना शुद्ध है। किचन की साफ सफाई पर कितना ध्यान दिया जा रहा है, ग्राहक को पीने के लिए दिए जाने वाला और खाना बनाने में उपयोग किये जाने वाले पानी की क्वालिटी कैसी है। खाना बनाने के लिए जिस कच्ची सामग्री का उपयोग किया जा रहा है वह कैसा है। ग्राहकों को परोसे जाने वाला खाना कितनी देर पहले तैयार किया जा रहा है। न्यूज पेपर का इस्तेमाल तैयार खाना को ढकने या ऑर्डर के लिए पैकिंग मेटेरियल के रूप में इस्तेमाल तो नहीं किया जा रहा है हायजीन रेटिंग मिलने से दुमका के लोगों को अब यह जानकारी भी मिल सकेगी कि शहर के जिस होटल में खाना खाने जा रहे है, वहाँ के खाना की क्वालिटी एवं साफ - सफाई पर कितना ध्यान दिया जा रहा है। खाने की क्वालिटी एवं साफ - सफाई के आधार पर 01 से 05 तक की रेटिंग दी जायेगी। इसमें बड़े बड़े होटलों से लेकर छोटे रेस्टोरेन्ट तक को शामिल किया गया है। ऐसे में लोग जब होटल या किसी रेस्टोरेन्ट में खाना खाने जाएंगे, तो उस प्रतिष्ठान की हायजीन रेटिंग को भी देख सकेंगे । इससे होटल और रेस्टोरेन्ट में स्वच्छता की रेटिंग को लेकर एक अच्छी प्रतियोगता शुरू हो जाएगी, जिसका फायदा आम लोगों को मिलेगा ।

संक्षिप्त समाचार

जहां चुनाव नहीं है वहां कोरोना डबल शिफ्ट में काम कर रही है

पाकुड़। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। बंगाल में कोरोना छुट्टी पर है जहां चुनाव नहीं है वहां कोरोना डबल शिफ्ट में काम कर रही है। पश्चिम बंगाल में बीजेपी और टीएमसी की रैलियों में भीड़ से कोरोना डरा हुआ है। सोच रहा है कि इतने सारे लोगों के एक साथ कैसे होजाऊं। चुनावी राज्य में घुसने से कोरोना की पतलून ढीली हो रही है। टीएमसी और बीजेपी की रैली में खचाखच भीड़ आ रही है। सरकार कहती है की कोरोना वायरस बहुत ही खतरनाक है। वही सरकार कहती है 2 गज दूरी मास्क है जरूरी, जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं। भीड़ वाले जगहों पर लोग बिना मास्क के एक दूसरे के संपर्क में आते हैं क्या इन लोगों को कोरोना से कोई डर नहीं। देश में 1 लाख कोरोना के मरीज मिल रहे हैं, पांच सौ के लगभग लोग मर भी रहे हैं। देश के प्रधानमंत्री और पश्चिम बंगाल को सीएम इतने बड़े कोरोना सम्मेलन कर रहे हैं इनको नहीं लगता कि कोरोना बढ़ सकता है, कोरोना फेल सकता है। क्या आम आदमी और नेताओं के लिए प्रोटोकॉल अलग-अलग है। खुद देश चलाने वाले खुद कानून बनाने वाले रैली में लोगों को ऐसे भीड़ इकट्ठा करते हैं।

आम जनता को स्कूटर पर हेलमेट के भीतर मास्क ना लगाने पर जुर्माना वसूला जा रहा है, बंद कार में मास्क ना लगाना पर चालान काट दिया जा रहा है, यहां तक की सड़क पर घूमते हुए आदमी पकड़कर चालान काट दिया जा रहा है और दूसरी तरफ चुनावी रैली के लिए कोई नियम कानून है ही नहीं। नेताओं ने हर चीज की दुकान बंद करा दी है लेकिन अपनी दुकान की शटर कभी डाउन होने नहीं दिया।

रविवार को जिले में रहेगा पूर्ण लॉकडाउन उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

पाकुड़। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। झारखंड सरकार की नई गाइडलाइन आने के पश्चात जिला प्रशासन रेस में है। संपूर्ण पाकुड़ शहर में विशेष माइकिंग करा कर लोगों को आगाह किया जा रहा है। साथ ही दुकानदारों को सचेत किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि नो मार्क्स नो एंट्री। बिना मास्क घर के बाहर ना निकले। दुकानदारों से कहा गया नो मार्क्स नो सामान। माइकिंग कर आम जनता को इधर-उधर अनावश्यक रूप से ना निकलने एंव मार्क्स लगाने हिदायत दीजा रही है। इसके साथ-साथ सरकार द्वारा जारी नए गाइडलाइन की जानकारी दी जा रही है। अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार ने बताया कि रात्रि 8:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक विशेष लोग डाउन रहेगा। इस दौरान आप बाहर ना निकले। अपनी दुकानों को रात्रि 8 बंद कर दें। इसके साथ-साथ रविवार को पूर्ण लॉकडाउन की घोषणा की गई। बताया गया कि रविवार को पूर्ण लॉकडाउन है। अतः रविवार को कोई भी व्यक्ति अपनी दुकान ना खोलें और अनावशयक रूप से कोई भी घर से बाहर ना निकले यदि वे नियम विरुद्ध कार्य करते हैं तो उनके विरुद्ध जिला प्रशासन की ओर से नियम संगत सख्त कार्रवाई की जाएगी। अतः घर में रहे सुरक्षित रहें।

प्रशासन ने साप्ताहिक हाट का किया निरीक्षण

- **दुकानों में भीड़ न लगाने का दिया निर्देश**

पाकुड़। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। हिरणपुर जिला प्रशासन के निर्देश पर गुरुवार को मनोज कुमार व थाना प्रभारी अमित कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दलबल के साथ स्थानीय साप्ताहिक हाट का निरीक्षण किया। सुभाष चौक निकट सड़क किनारे लगे बकरी हाट को त्वरित कार्रवाई करते हुए मवेशी हाट के परिसर में ले जाया गया। वही फुटबॉल स्टेडियम में लगे हटिया का अनुश्रवण किया व दुकानदारो को सख्त निर्देश दिया कि दुकानों में भीड़ नही लगना चाहिए। वही बिना मास्क के किसी को सामान न बेचे। इसके बाद एक नम्बर, गली, सब्जी हाट आदि स्थलों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानदारो को निर्देश दिया कि दुकानों को छोटा करके लगावे। जिससे कि ज्यादा भीड़ न हो पाए। वही दुकानदार को मास्क लगाना आवश्यक है। इसके अलावे शारीरिक दूरी का पालन अत्यावश्यक करे। सीओ ने बताया कि कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सभी को सरकारी गाइडलाइन अनुरूप चलना आवश्यक है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही घातक हो सकता है। सभी लोग मास्क लगावे व शारीरिक दूरी का पालन करे। मौके पर एएसआई रविन्द्र कुमार राम, अरविंद रॉय आदि पुलिस कर्मी मौजूद थे।

सिलमपुर में जमीनी विवाद के बाद मारपीट में महिला से छीने सोने का मंगलसूत्र, 5 लोग जख्मी

महेशपुर(पाकुड़)। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। महेशपुर थाना क्षेत्र के सिलमपुर गांव में जमीनी विवाद के बाद गांव के संतोश सिंह भरत सिंह चुन्नी सिंह समेत कई लोग एक जुट होकर लाठी डंडा एवं फाइट से मारपीट कर विक्रम सिंह, ओम प्रकाश सिंह और मुन्नी देवी को घायल कर दिया। जानकारी के मुताबिक ओमप्रकाश सिंह अपने घर के सामने भवन बनाने के लिए ईट जमा कर रहा था इसी दौरान द्वितिय पक्ष के लोगों ने मारपीट शुरू कर दिया। मारपीट के दोरान संतोश सिंह के परिजनों ने मुन्नी देवी का सोने का गले का मंगलसूत्र छीन कर फरार हो गया। वही द्वितिय पक्ष के दो लोगों को हल्की चोट लगी है। इस घटना में कुल पांच लोग घायल हुए है।

परिजनों ने घायल बिक्रम सिंह और ओम प्रकाश सिंह को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां चिकित्सक द्वारा घायलों का इलाज की गई वही स्थिति बिगड़ते देख बिक्रम सिंह को बेहतर इलाज के लिए बंगाल जाने की सलाह दिया। उधर मामले की जानकारी पुलिस को मिलते ही एसआई सुभम कुमार सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की छानवीन कर रहे हैं। इस बावत सुभम कुमार सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों के आवेदन पर जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई किया जाएगा।

कोरोना संक्रमण से करें खुद का बचावः डीसी

- **मास्क लगाएं व छह गज की शारीरिक दूरी का करें पालन**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

पाकुड़।
कोरोना संक्रमण को लेकर बहुत एहतियात बरतने की जरूरत है। खासकर सावधानी से जुड़े नियमों का सही तरीके से पालन कर इसकी रोकथाम की जा सकती है। कोरोना वायरस (कोविड -19) संक्रमण के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। कई जगह लोग नियमों की अनदेखी कर रहें है, जिससे संक्रमण बढ़ने का खतरा चरम पर है। आम जनों को कोरोना को लेकर शतर्क रहने की जरूरत है। प्रशासन द्वारा जारी दिशा - निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करें। उक्त बातें *उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहीं। उन्होंने आम लोगों से घर से बाहर निकलने पर मास्क लगाने एवं छह गज की शारीरिक दूरी (सोशल डिस्टैंसिंग) का पालन करने की अपील की।

उपायुक्त ने मास्क का इस्तेमाल करने में सावधानी बरतने की बात कहीं। कहा कि मास्क ऐसे पहने कि नाक व मुंह पूरी तरह ढंके हो। मास्क और चेहरे के बीच गैप नहीं हो यानी मास्क ढ़ीला नहीं होना चाहिए। मास्क की अगले हिस्से को गंदे हाथों से नहीं छूएं, मास्क को हटाने में इस प्रकार सावधानी रखें कि वह गंदा नहीं हो, साथ ही प्रत्येक आठ घंटे के बाद मास्क को बदल लें। दोबारा इस्तेमाल किये जाने वाले कपड़े के मास्क का इस्तेमाल करें। ऐसे मास्क को अच्छी तरह धो दें, यदि सिगल यूज वाले सर्जिकल मास्क इस्तेमाल करते है तो उसे डस्टबिन में डाल दें। इसका दोबारा इस्तेमाल नहीं करें। मास्क हटाने के बाद हाथों को साबुन से अच्छी तरह धो लें, मास्क लगाने से पहले हाथों को अच्छी तरह धो लें या अल्कोहल युक्त सेनिटाइजर का इस्तेमाल करें ।

घर से बाहर निकलने पर कम से कम छह गज की सोशल डिस्टैंसिंग (शारीरिक दूरी) का पालन अवश्य करें। उपायुक्त ने कार्यस्थलों पर भी इसका पालन करने के लिए कहा। कोरोना संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए यह महत्वपूर्ण है।

कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए विशेष एहतियात बरतने की आवश्यकताः- उपायुक्त

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

पाकुड़।
बढ़ते कोविड-19 संक्रमण को देखते हुए अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार-सह-उपायुक्त कुलदीप चौधरी के द्वारा आदेश जारी किया गया है। पाकुड़ जिला समेत राज्य के अन्य जिलों में बढ़ते कोविड-19 संक्रमण को देखते हुए उपायुक्त ने आदेश जारी किया है। उपायुक्त द्वारा जारी आदेश को जिले में लागू करने की जिम्मेवारी सभी वरीय ईसिडेंट कमांडर एवं इंसिडेंट कमांडर, अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी के साथ अन्य अधिकारियों की होगी। उपायुक्त द्वारा जारी आदेश के अनुसार कोविड-19 संक्रमण के चलते भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एहतियाती कदम उठाने को कहा गया है।

सभी इनडोर व आउटडोर स्थानों पर सामूहिक कार्यक्रम (शादी विवाह व अंतिम संस्कार को छोड़कर) पर प्रतिबंध रहेगा। शादी, विवाह में शामिल होने वाले लोगों की संख्या की अधिकतम सीमा 200 व अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोगों की संख्या अधिकतम 50 ही होगी। किसी भी सार्वजनिक स्थल पर 5 से अधिक लोगों के एक साथ जमा होने पर भी प्रतिबंध है। सभी शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे, शिक्षण कार्य ऑनलाइन/ डिजिटल माध्यम से ही किया जाएगा। वर्ग 10वीं एवं 12वीं के वैसे छात्र-छात्राएं जो वर्ष 2021 के बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे उन्हें ऑफलाइन क्लास की अनुमति होगी। परंतु यह अनिवार्य नहीं होगा अभिभावक कि यदि सहमति हो तो कोरोना प्रोटोकॉल के सभी एतिहात के तहत ऑफलाइन क्लास की जा सकती है।

सभी तरह के मेला प्रदर्शनी पर प्रतिबंध है, सभी जिमखाना, स्विमिंग पूल बंद रहेंगे, सभी खेलकूद कार्यक्रम पर रोक रहेगी, खिलाड़ियों को प्रशिक्षण हेतु स्टेडियम में आने की अनुमति होगी, सभी पार्क बंद रहेंगे। सभी होटल/ रेस्टोरेंट में बैठने की क्षमता के 50% लोगों के साथ संचालन की अनुमति होगी, किसी भी धार्मिक कार्य हेतु स्थल की क्षमता के 50% लोगों के साथ करने की अनुमति होगी परंतु कोविड-19 प्रोटोकॉल के एतिहात यथा फेस मास्क, सैनिटाइजेशन, 2 गज की सामाजिक दूरी का पालन करना अनिवार्य होगा। बैंक, हॉल में शादी विवाह अंतिम संस्कार से संबंधित कार्यक्रम के अतिरिक्त कोई अन्य कार्यक्रम पर प्रतिबंध रहेगा। शादी/ विवाह/ अंतिम संस्कार से संबंधित कार्यक्रम को छोड़कर अन्य कार्यक्रमों के लिए बुकिंग किए जाने पर बैंकट हॉल को सील करते हुए संबंधित संचालक/ प्रबंधक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी व्यापार स्थल/ दुकान/रेस्टोरेंट्स/ क्लब रात्रि 8 बजे के बाद खोलने पर प्रतिबंध रहेगा। खाने के टेक होम या डिलीवरी पर रोक नहीं होगी।

साप्ताहिक हटिया में कोविड नियमो का नही हो रहा है पालन

- **लोगो को नही है कोरोना संक्रमण की डर**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

पाकुड़।
हिरणपुर में कोरोना संक्रमण की बढ़ते प्रभाव को लेकर प्रशासन निरन्तर लोगों के बीच जाकर जागरूकता फैला रहा है। वही लोगों में इसका असर नही पड़ रहा है। गुरुवार को साप्ताहिक हाट में तो सरकारी निर्देशो की धता बताते हुए लोगो को बिना मास्क का देखा गया। अधिकांश दुकानों में ग्राहकों की भीड़ देखी गई, वही बिना मास्क के लोग खरीदारी कर रहे थे। कई दुकानों के बाहर बेरिकेटिंग भी नही था। वही मिठाई दुकानों में ग्राहक बैठक खा रहा था। दूरदराज से आये लोग हटिया के फुटपाथों में बिना मास्क के सभी लोगो को सामान बेचते देखा गया। स्टेडियम में तो महुआ शराब का दुकाने सजी हुई थी। उधर सुभाष चौक निकट मुख्य सड़क में वीरान छाया हुआ था। जहाँ इक्का-दुक्का लोगों को आवागमन करते देखा गया। उधर डांगापाड़ा चौक स्थित हाट में काफी भीड़ देखी गई। बिना मास्क के अधिकांश लोगों को देखा गया। वही अवैध शराब का बाजार भी लगा हुआ था। उधर हिरणपुर हटिया में कपड़ा, सब्जी, राशन आदि दुकानदारों द्वारा सारी नियमो का उलंघन कर हटिया में दुकान में खरीद बिक्री करते देखा गया।

डंपर दुर्घटना से चालक और खलासी घायल, चालक का टूटा पैर

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

पाकुड़।
खाली डंपर ने खाली डंपर को पीछे से मारा टक्कर चालक और खलासी घायल। बेहतर इलाज के लिए पाकुड़ रेफर। अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के बरमसिया पैनम हॉस्पिटल के समीप पाकुड़ आलूबेड़ा कोयला लिंक रोड पर डंपर की दुर्घटना से चालक और खलासी दोनों घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जेएच 16 ए 8680 नंबर की डंपर के आगे एक खाली डंपर जा रहा था अचानक सड़क पर गाय का बछड़ा को बचाने को लेकर ब्रेक मारा जिसमें पीछे वाले डंपर ने आगे वाले डंपर को जोरदार टक्कर मारा जिसमें जेएस 16 ए 8680 के चालक असीम शेख 25 वर्ष और खलासी सादीयुर शेख 19 वर्ष दोनों घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एसआई संतोष यादव पुलिस बलनके साथ मौके पर पहुंचकर खलासी और चालक को इलाज के लिए फतेहपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर प्रेम कुमार मरांडी ने दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। डॉक्टर ने बताया कि चालक का दाहिना पैर टूट गया है और खलासी को हल्की फुल्की चोटे आई है। उधर बछड़ा का मालिक मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। पुलिस के द्वारा बछड़ा के मालिक को काफी समझाने बुझाने के बाद सड़क जाम को हटाया गया और मुआवजे के तौर पर राशि दी गई।

बीडीओ ने किया बैठक, दिया आवश्यक दिशा -निर्देश

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।
गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीडीओ निशा कुमारी सिंह की अध्यक्षता में सभी पर्यवेक्षक और अधिकारी के साथ बैठक कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश। बैठक में बीडीओ निशा कुमारी सिंह ने सभी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कोविड-19 टीकाकरण करने एवं लोगों क जागरूक करने की बात कहीं गई। उन्होंने कहा कि लोगों में कोविड-19 के प्रति डर सता रही है, कोविड-19 वैक्सीन लेने से लोग कतरा रहे हैं। लोगों के मन में डर बैठ गया है, उसे हटाना है और टीका देना है। बीडीओ ने बताया कि अफवाहों पर ना ध्यान दें, अपनी नजदीकी टीकाकरण स्थल पर जाकर कोविड-19 का टीका अवश्य लें। सभी सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए टीकाकरण किया जा रहा है। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्रीकांत ठाकुर, बाल विकास परियोजना के पदाधिकारी गीता अलविना बेसरा, बीसीओ अभय कुमार सहित सभी पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षक व कर्मी मौजूद थे।

डीडीसी ने कोविड-19 से संक्रमित मरीजों के लिए निजी अस्पतालों में बेड आरक्षित रखने एवं समुचित उपचार करने के संबंध में बैठक की

- **संबंधित निजी अस्पतालों के संचालक-प्रतिनिधि को दिया जरूरी दिशा निर्देश**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

पाकुड़।
उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह के अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में कोविड-19 से संक्रमित मरीजों के लिए निजी अस्पतालों में बेड आरक्षित रखने एंव कोविड मरीजों का समुचित उपचार करने को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में शहर के सभी निजी अस्पतालों के संचालकों एवं चिकित्सकों ने भाग लिया। बैठक में डीडीसी ने कहा कि कोविड-19 संक्रमित मरीजों की बढ़ती संख्या के परिप्रेक्ष्य में आम लोगों को कोविड-19 का सहज, सुलभ एवं ससमय उपचार उपलब्ध कराने तथा मानव जीवन को बचाने के उद्देशय से जिले के सभी निजी अस्पताल को अपनी कुल शय्या क्षमता के न्यूनतम 10 से 25 प्रतिशत तक सामान्य बेड एवं आईसीयू में भी कम से कम 10 से 25 प्रतिशत बेड कोविड-19 के उपचार हेतु आरक्षित रखने तथा मरीजों का समुचित उपचार करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने कहा कि निजी अस्पतालों में कोविड-19 से संबंधित संक्रमित मरीजों का उपचार करने के एवज में निजी अस्पतालों को कोविड-19 ट्रीटमेंट पैकेज के तहत निर्धारित दरों पर शर्तों के साथ भुगतान किया जाएगा। डीडीसी ने कहा कि जिला स्तर पर टीम गठित कर यह अनुश्रवण किया जाएगा कि निजी कोविड-19 अथवा नन कोविड चिकित्सालय में भर्ती रोगियों का सही समय पर जांच कोविड-19 रोग हेतु की जा रही है या नहीं। डीडीसी ने कहा कि कोविड-19 के रोगियों के लिए निजी अस्पताल ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड तथा वेंटिलेटर की अलग से व्यवस्था करें। निजी अस्पताल इनफेक्शन प्रीवेंशन एवं कंट्रोल मानक मार्गदर्शिका का अनुपालन सुनिश्चित करें। इस क्रम में प्रसव संबंधी तथा अन्य आवशयक आकस्मिक सेवा स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित ना हो यह भी सुनिश्चित करें। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने कहा कि निजी अस्पताल अपने सभी कर्मियों को कोविड-19 से संबंधित प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें तथा अस्पतालों में कोरोना के सभी प्रोटोकॉल का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर गठित टीम किसी भी वक्त निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण करेगी तथा कोविड-19 के प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत पालन हो रहा है या नहीं इसकी जांच करेगी। जांच के दौरान प्रोटोकॉल अनुपालन में कमी पाए जाने पर निजी अस्पतालों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीरज कुमार सिंह, डॉ. कुणाल कुमार सिंह, डॉ. एसएन साहा सहित विभिन्न निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक घायल

पाकुड़। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार दो अलग अलग सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल हो गया। जानकारी में अनुसार पहली घटना लिट्टीपाड़ा हिरणपुर मुख्य सड़क जोबोडीह पुल के समीप घाटी। जिसमें गिट्टी लदा ट्रक व हाईवा के बीच जबरजस्त टक्कर हो गई। गिट्टी लदा ट्रक संख्या बीआर 06 जीए 5894 हिरणपुर की से आ रही थी उसी दौरान लिट्टीपाड़ा की ओर से जा रही तेज रफ्तार हाइवा से आमने सामने भिड़ंत हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ट्रक बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया। ट्रक सड़क किनारे जाकर पलट गया जिससे ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि हाइवा चालक घटना में बाल-बाल बच गया। ग्रामीणों के सहयोग से चालक को हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद छोड़ दिया गया। वही दूसरी घटना लिट्टीपाड़ा अमड़ापाड़ा मुख्य सड़क सुरजबेड़ा के समीप घाटी। एक तेज रफ्तार सिमेंट लोड ट्रक संख्या डब्लूबी 39 ए 0357 का ब्रेक जाम होने से बिजली की पोल से टकरा गया। हालांकि की चालक की सूझबूझ से एक बड़ी घटना होते होते बच गया।ट्रक चालक कार्तिक दत्त ने बताया दुर्गापुर से सिमेंट लोड कर लिट्टीपाड़ा आ रहे थे उसी दौरान गाड़ी का ब्रेक जाम होने से ट्रक का संतुलन बिगड़ गया और गाड़ी बिजली के खंभे में जा टक्कराया। दोनो ही घटना स्थल पर पुलिस पहुँच कर जांच में जुट गया है।

अंबा प्रसाद ने अस्पताल जाकर दुर्घटनाग्रस्त यदु प्रसाद से की मुलाकात।

बड़कागांव। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। विधायक अंबा प्रसाद ने विगत कुछ दिनों पूर्व दुर्घटनाग्रस्त हुए यदु प्रसाद दाँगी से रांची के रामप्यारी अस्पताल जाकर बृहस्पतिवार को उनसे मुलाकात की विधायक अंबा प्रसाद ने यदु प्रसाद दाँगी को जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व बड़कागांव के गुरु चट्टी निवासी यदु प्रसाद दाँगी एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे जिसको लेकर उनका इलाज रांची के राम प्यारी अस्पताल में चल रहा है

अखिल भारतीय भुइया समाज कल्याण समिति का बैठक संपन्न

बड़कागांव। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। मध्य पंचायत में अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति को लेकर बैठक किया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संसाधन प्रखंड युवा अध्यक्ष नंदकिशोर भुइँया ने किया बैठक के मुख्य अतिथि हजारीबाग जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी उपस्थित थे। महेंद्र राम बिहारी ने कहा कि समाज का विकास तभी हो सकता है जब तक शराब को पूरी तरह से छोड़ देंगे और शिक्षा पर अधिक से अधिक ध्यान देंगे ।
जिला महामंत्री बालेश्वर राम ने कहा कि कोरोना को लेकर हम सभी को सतर्क रहने की जरूरत है । वंही प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम ने कहा कि जब तक हमारे समाज में दहेज प्रथा रहेगा तब तक समाज का विकास नहीं हो सकता है । प्रखंड युवा अध्यक्ष नंदकिशोर भुइँया ने कहा की समाज में बाल विवाह को रोक लगाना पड़ेगा मुख्य रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, जिला महामंत्री बालेश्वर राम, स्टेरिंग कमेटी के जिला अध्यक्ष रामचंद्र भुइँया, प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम, गुंजन, हेमंत भुइँया, नंद किशोर, मनोज, पूर्णिया ,राजेश, प्रमोद, बालेश्वर भुइँया, कार्तिक, अतुल, संतोष , रंजीत, मोहन, मीना देवी, लीला देवी, राधिका देवी, संगीता देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी इत्यादि कई लोग उपस्थित थे।

कोरोना के कारण बरही चौक -बाजार की भीड़ को किया जाएगा नियंत्रित

- **एनएच कार्यालय परिसर में अब लगेगा सप्ताहिक बाजार**

बरही । (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। बरही में कोरोना महामारी के प्रसार को नियंत्रित करने व लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बरही अनुमंडल कार्यालय में गुरुवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता व संचालन एसडीओ डॉ. कुमार ताराचंद, डीएसपी नाजिर अख्तर ने की। बैठक में निर्णय लेते हुए बताया गया कि कोरोना महामारी के बढ़ते प्रसाद को देखते हुए बरही चौक क्षेत्र की भीड़ को नियंत्रित करने के दृष्टिकोण से बरही चौक -बाजार क्षेत्र में लगने वाले सप्ताहिक बाजार (बुधवार एवं रविवार) को बरही धनबाद रोड स्थित मां भगवती मंदिर के सामने एनएच कार्यालय की परिसर में स्थानांतरित किया जाएगा। वहीं कोरोना महामारी के संभाव्य प्रसार को यथासंभव नियंत्रित करने को लेकर उपस्थित लोगों से विचार विमर्श किया गया कि कोरोना के बढ़ते प्रसार को नियंत्रित करने के लिए किस तरह का प्रयास किया जाना उचित होगा। जिससे की आम जनता को सरलता से जागरूक करते हुए उनकी सुरक्षा की जा सके। साथ ही आम जनता से अपील किया गया कि 2 गज की दूरी, मास्क लगाना व सैनिटाइजर का उपयोग करते हुए भीड़ से बचने का प्रयास करें। बैठक में कार्यपालक दंडाधिकारी नाजिया अफरोज, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, पुनि. सह थाना प्रभारी उत्तम कुमार तिवारी, विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, पायल कुमारी, मां भगवती सेवा संस्थान के सुरेंद्र रजक, अजय दुबे, किशुन यादव, बुद्धिजीवी मंच सह पुस्कालय समिति के के ईशो सिंह व महेंद्र दुबे, जयदीप सिंहा, बरही विकास मंच के मनोज केशरी, पेंशनर समाज के राजेंद्र रुखरियार, पूर्वी पंचायत के मुखिया छोटन ठाकुर, पश्चिम पंचायत के रमेश ठाकुर, रंजीत पांडे आदि मौजूद थे।

जहरीले सांप ने महिला को डसा किया गया रेफर

बरकट्ठा। (झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)। बरकट्ठा के परबत्ता में एक महिला को किसी जहरीले सांप ने डस लिया। परबत्ता निवासी बसवा देवी को जहरीले सांप ने डस लिया जिसके बाद बुधवार को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में इलाज कराने के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

गिरिडीह में कोयले के लिए एनएच के नीचे खोद दिया खंती, हाईवे धंसने की आशंका

- **अनहोनी की आशंका में ग्रामीणों का हंगामा**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

गिरिडीह ।
कोयला तस्करों ने एनएच के नीचे ही खंती खोद दिया। लगातार यहां जारी खनन से खफा स्थानीय ग्रामीणों ने हाईवे और आसपास के इलाके में भू-धंसान की आशंका में हंगामा शुरू कर दिया. ग्रामीणों के पहुंचने पर तस्कर भाग गए, लेकिन दो आरोपियों की साइकिल पकड़ने में ग्रामीण कामयाब रहे. सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया।

कोयले के लालच में लोग हाईवे तक का खनन करने से नहीं चूक रहे हैं, जबकि ये किसी बड़ी हादसे को निमंत्रण दे सकता है. ऐसा वाकया गिरिडीह में सामने आया है. यहां जिला मुख्यालय को सीधे रांची से जोड़नेवाले नेशनल हाईवे के नीचे काफी समय से कुछ लोग कोयले का अवैध खनन कर रहे हैं। इससे हाईवे के नीचे खंती जैसी संरचना बनने लगी है. इधर गुरुवार को हाईवे और आसपास के इलाके में भू-धंसान की आशंका में ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया. महिलाएं सड़क पर उतर आईं और खनन की गई जगह पर मिट्टी भरवाने की मांग करने लगीं. सूचना पर पुलिस पहुंची और ग्रामीणों को किसी तरह समझाया।
रात दस बजे से शुरू हो जाता है खननानाराज महिलाओं ने बताया कि इस स्थान पर लगातार भू-धसान होता रहता है. भू-धंसान के कारण दो बार तो आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया था. इसके बावजूद कोयला तस्कर यहां अवैध खनन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कोयला तस्करी कराने में कुछ स्थानीय लोगों का हाथ है. ये लोग रात 10-11 बजे अवैध खदान में दाखिल होते हैं और उजाला होने से पहले कोयला को लेकर रफूचक्कर हो जाते हैं. महिलाओं ने कहा कि इसकी सूचना पूर्व में पुलिस को दी गई थी लेकिन किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया. इसके बाद ग्रामीणों ने खुद ही अवैध खदान में छापा मारा तो आरोपी भाग गए, लेकिन दो साइकिलें वो बरामद करने में सफल रहीं।

- **पुलिस ने दिलाया कार्रवाई का भरोसा**

इधर ग्रामीणों के सड़क पर उतरने की जानकारी पर थाना प्रभारी विनय कुमार राम ने सअनि(एएसआई) अनिल उरांव, श्रवण कुमार को दलबल के साथ भेजा। पुलिसकर्मियों ने किसी तहर ग्रामीणों को समझाया और भरोसा दिलाया कि खनन में शामिल लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. वहीं अवैध खदान बंद भी कराई जाएगी। इसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। इधर सीसीएल सुरक्षा विभाग ने इस स्थान पर खनन करने और संचालकों को चिन्हित करते हुए एफआईआर दर्ज कराने की बात कही है.गिरिडीह में कोयले के लिए एनएच के नीचे खोद दिया खंतीग्रामीण आशंकित, खनन क्षेत्र से दो सौ मीटर दूरी पर स्कूल हंगामा के दौरान ग्रामीण महिलाओं का कहना था कि इस अवैध खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो समीप की बस्तियों में भी धंसान हो सकता है। कहा कि इतना ही नहीं इस अवैध कार्य में शामिल लोग ग्रामीणों को फंसा भी सकते हैं. यहां यह भी बता दें कि जिस स्थान पर अवैध खनन का काम चल रहा है उससे दो सौ मीटर पर स्टेडियम और सीसीएल डीएवी स्कूल तो तीन सौ मीटर पर थाने का परिसर है।

विधायक का है यह प्रयास की कोई जरूरतमंद ना हो निराश

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

हजारीबाग ।
सदर विधायक जायसवाल के निर्देश पर रात- दिन जरूरतमंद मरीजों की सेवा में हमेशा की तरह तत्पर हूं और रहूंगा। कोविड-19 के लगातार बढ़ते प्रकोप के बावजूद हम अपनी सेवा जरूरतमंद मरीजों के बीच निरंतर जारी रखे हैं। विती मध्य रात्रि से अहले सुबह तक कई मरीजों के लिए एचएमसीएच में मशक्कत करता रहा। कटकमसांडी प्रखंड के मनार निवासी भाजपा कार्यकर्ता अर्जुन यादव के पेट में अचानक दर्द हुआ और पेट पूरी तरह फूल गया। अर्जुन जी के का पिछले साल पेट से संबंधित बड़ा सर्जरी हुआ है। आज सर्जन से दिखवाकर भर्ती कराया और इनकी बेहतर चिकित्सा शुरू कराई।
खुद विधायक श्री जायसवाल ने इनसे दूरभाष पर बात कर हर संभव सहयोग का भरोसा जताया। इधर बारीकोला झोंझी निवासी एक तीसरे सिजेरियन के मरीज वेश्वन सी एच के चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया था। जिसे एचएमसीएच के सुपरिटेंडेंट से विशेष आग्रह कर और सदर विधायक माननीय श्री मनीष जायसवाल के सहयोग से तत्काल खून की व्यवस्था कराकर यही पर सिजेरियन करवाया। सिजेरियन के दौरान मरीज का यूटरस रप्चर कर गया। जिसके बाद दो वरीय महिला चिकित्सक और एक सर्जन ने काफी मस्क्कत के बाद सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। फिलहाल मरीज ठीक है और पुनः खून चढ़ाने की प्रक्रिया जारी है ।

विभिन्न स्थानों में तीन लोगों ने खाया जहरीला पदार्थ, दो को किया गया रेफर

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

बरकट्ठा।
बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र तथा चलकुसा प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर जहरीला पदार्थ खाने से तीन लोगों की स्थिति गंभीर हो गई। बुधवार को चलकुस्सा के ग्राम जमसोती निवासी रीना 35 वर्ष पति स्व वीरेंद्र यादव चूहा मारने वाली दवा खा ली। वहीं ग्राम मासीपीढ़ी बरकट्ठा निवासी कंचन कुमारी 17 वर्ष पिता रामदेव रविदास तथा उत्तर प्रदेश के ग्राम जटवारा निवासी मो अकरम 24 वर्ष पिता हैदर अली ने जहरीला पदार्थ खा लिया। सभी को इलाज के लिए बरकट्ठा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।
डॉक्टरों ने इलाज के बाद कंचन कुमारी तथा अकरम को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

रामनवमी महासमिति के मतभेद को मिटाने की पहल को लेकर ज्ञान महिला समिति की बैठक

(झारखण्ड देखो,प्रतिनिधि)

रामगढ़।
ज्ञान महिला समिति की एक बैठक मुर्गमकला पंचायत के अध्यक्ष पवन कुमार महतो के आवास के निकट रामगढ़ जिले के प्रमुख महिलाओं को बुलाया गया था बैठक की अध्यक्षता भानु देवी संचालन पवन कुमार महतो ने किया।बैठक में मुख्य रूप से चर्चा किया गया की रामनवमी महासमिति जो दो गु-टों में बट चुका है उसे अपने मूलस्वरूप में कैसे लाया जाए उसी पर चर्चा की गई।साथ ही ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल ने कहा की सांसद जयंत सिन्हा जी से सोशल मीडिया और अखबार के माध्यम से अपील की जाए की जो भी मतभेद हुआ है उसे बैठकर हल की जाए।साथी जो रामनवमी महासमिति दो गुटों में बैठ चुका है उसे एक किया जाए, इससे पूर्व में रामनवमी महासमिति के सदस्यों को बुलाकर फिर से चुनाव कर अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव का निर्णय ले साथ ही रामगढ़ जिले के भी तमाम रामनवमी महासमिति के सदस्यों से हमारा अपील है कि रामनवमी महासमिति जो दो गुटों में बट चुका है उसे एक करने में अपनी ताकत लगाएं और रामनवमी त्यौहार को खुशियों के साथ मनाएं। महिलाओं ने भी एक सुर में कहा रामनवमी महासमिति जो दो गुटों में बढ़ चुका है उसे एक कर रामनवमी हर्षोउल्लास के साथ मनाए।
मौके पर गीता देवी, मंजू देवी, आरती देवी, गुड़िया देवी, मीना देवी, पार्वती देवी, रूपा देवी, अंजली देवी, रेखा देवी, शांति देवी, मुनिया देवी किरण देवी पावनी देवी राधा देवी चिंता देवी सरिता देवी सरस्वती देवी ममता देवी लक्ष्मी देवी और रूबी देवी शीला देवी सावित्री देवी रामसवारी देवी पिंकी देवी उर्मिला देवी सीमा देवी मंजू देवी आरती देवी प्रभादेवी मंजू देवी, सहित दर्जनों महिलाएं शामिल थीं।

भाकपा माले के लोकल सम्मेलन में बनाई गई कमेटी

- **काले कृषि कानूनों का विरोध। गंभीर हुए पानी संकट को दूर करने की मांग**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

गिरिडीह ।
पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज भाकपा माले का एक लोकल कमेटी सम्मेलन बेलाटांड़ (बेंगाबाद) में आयोजित हुआ जिसमें सोनबाद मोतीलेदा तथा करणपुरा पंचायत के पार्टी सदस्यों ने भाग लिया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश राय लखन कोल तथा महादेव महतो ने संयुक्त रूप से की, जबकि संचालन छोटू यादव था भुनेश्वर वर्मा ने किया।
आज के सम्मेलन के जरिए मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीनों काले कृषि कानूनों का विरोध कर इन्हें तत्काल वापस लेने की मांग की गई। साथ ही, स्थानीय सवालों पर भी चर्चा करते हुए कहा गया अभी गर्मी बढ़ने के साथ ही पेयजल का संकट काफी गंभीर हो गया है। इसके तत्काल समाधान का उपाय सरकार तथा प्रशासन को करना चाहिए।
वहीं, अपने संबोधन में पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य राजेश कुमार यादव ने कहा कि यह इलाका विकास के मामले में काफी पीछे है क्योंकि इनका वोट लेने वालों ने कभी इनकी ओर ध्यान नहीं दिया। जनता के वोट से एमपी-एमएलए बदलने के साथ सरकारें भी बदलीं लेकिन इलाके में समस्याएं जस-की-तस हैं।
श्री यादव ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा लाए गए तीनों काले कृषि कानून वापस होने तक देश के किसान-मजदूरों का संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने स्थानीय सवालों का भी जिक्र करते हुए कहा कि लोग तरह-तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं लेकिन जनता का वोट लेने वाले आज चैन की नींद सो रहे हैं। इसलिए आम जनता को अपना हक लेने के लिए माले के झंडे तले एकजुट होने की जरूरत है।
सम्मेलन के आखिर में तीनों पंचायतों को मिलाकर 21 सदस्यीय लोकल कमेटी का गठन किया गया जिसमें राजेश कुमार यादव, महादेव महतो, छोटे लाल यादव, विकास वर्मा, लखन कोल, ठाकुरी कोल, पंकज ठाकुर, राम लखन वर्मा, कमलेश वर्मा, दुखी तुरी, बालेश्वर राय, मोहम्मद जब्बार, हरकी देवी, रीना देवी, कस्तूरबा देवी, सुदामा देवी, लीलावती देवी, करिश्मा देवी, सुलेमान मियां, बजरु तुरी एवं रूपलाल महतो शामिल किए गए। नवगठित कमेटी ने सर्वसम्मति से महादेव महतो का चुनाव लोकल कमेटी के सचिव के रूप में कर लिया।

दो दर्जन से अधिक अवैध खंतो की कराई गई डोजरिगं

- **कोयले के अवैध उत्खनन को देखते हुए की गई कार्रवाई**

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

गिरिडीह ।
बनियाडीह सीसीएल क्षेत्र के भदुआ पहाड़ी, महुआ पथारी और सीसीएल अस्पताल के पीछे चल रहे दो दर्जन से अधिक अवैध कोयला खदानों की डोजरिंग गुरुवार की सुबह सीसीएल अधिकारी, सुरक्षा विभाग और मुफस्सिल पुलिस की देखरेख में कराई गई। जानकारी के मुताबिक इन इलाकों में कुछ माह से कोयले का अवैध उत्खनन कराया जा रहा था। जिसे देखते हुए सीसीएल के महाप्रबंधक मनोज अग्रवाल और परियोजना पदाधिकारी एसके सिंह के निर्देश पर माइंस के अंदर मैनेजर राजीव पटेल की देखरेख में डोजिंग अभियान चलाकर 25 से 30 अवैध खंते को जेसीबी से भरा गया। इसे लेकर माइंस के सेफ्टी ऑफिसर राजीव पटेल ने बताया कि आगे भी डोजरिंग अभियान जारी रहेगा और लगातार अवैध खंतो की डोजरिंग होती रहेगी।
अभियान में मुख्य रूप से मुफस्सिल थाना के एएसआई इलियास बागे, प्रभारी, सुरक्षा पदाधिकारी जटलू महतो, रतन मंडल, जयप्रकाश समेत सीसीएल में ट्रेनिंग कर रहे कई युवा शामिल थे।

संक्षिप्त समाचार

बैंक के दो अधिकारी कोरोना संक्रमित 2 दिन के लिए बैंक सील

मधुपुर। शहर के रामयश रोड स्थित एसबीआई मेन ब्रांच के दो बैंक अधिकारी कोरोना संक्रमित हैं। रिर्पोट आने के बाद बैंक को दो दिन के लिए सील कर दिया गया है ताकि बैंक को सैनिटाइज किया जाएगा। बैंक प्रबंधक ने सभी ग्राहकों से आग्रह किया है की बैंक का किसी प्रकार का लेन देन एटीएम इंटरनेट मोबाइल बैंकिंग यूनो सेवा से प्राप्त कर कर सकते हैं । सैनिटाइजर बाद 2 दिनों के बाद बैंक ग्राहकों के लिए खुलेगा!

विद्यासागर रेलवे स्टेशन से एक मोबाईल चोर गिरफ्तार

मधुपुर। जामताड़ा रेलवे सुरक्षा बल ने विद्यासागर रेलवे स्टेशन से गुप्त, सूचना पर मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार जामताड़ा रेलवे सुरक्षा बल के ऑफिसर स्टॉफ जामताड़ा ने विद्यासागर स्टेशन पर सीक्रेट वाच पर थे। जब मोकामा हावड़ा पैसेंजर ट्रैन विद्यासागर स्टेशन पर जैसे ही आई एक ब्यक्ति ने पैसेंजर का मोबाईल हाथ से झपटा मार ले भाग रहा था। चोर -चोर की आवाज सुन आरपीएफ ने खदेड़ कर मोबाइल के साथ पकड़ लिया। पकड़े गये ब्यक्ति का नाम सयेद अंसारी, उम्र करीब 24 बर्ष, पिता सफाउदीन अंसारी, निवासी ग्राम लहरजोरी छाता पाथर, थाना, मार्गो मुंडा जिला देवघर। इसने कई बार ट्रैन से यात्री का मोबाईल चोरी किया है। उक्त अपराधी को पैसेंजर के एफआईआर के साथ जीआरपी मधुपुर को कानूनी करवाई हेतु सुपुर्द कर दिया गया।मोके पर निरीक्षक प्रभारी मो शमीम खान, उप निरीक्षक मदन पासवान, सहायक उप निरीक्षक पी. के. रॉय, प्रधान आरक्षी रजनीश कुमार, आरक्षी राजकुमार तथा अन्य बल सदस्य उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री सुरेश पासवान ने महागठवन्धन के प्रत्याशी के लिए मांगा समर्थन

देवीपुर। देवघर-राष्ट्रीय जनता के जिला अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री सुरेश पासवान अपने दल के सहयोगियों के साथ लगातार क्षेत्र का दौरा कर लोगों से जेएमएम के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं।इसी क्रम में सुरेश पासवान ने देवीपुर प्रखण्ड अंतर्गत टटकीयो पंचायत के अमजो, पहरीडीह, नावाडीह, कासीडीह आदि दर्जनों गांव का दौरा किया और लोगों से जनसमर्थन मांगा। मौके पर सुरेश पासवान ने कहा कि हमलोग महागठवन्धन प्रत्याशी हाफिज हुसेन के समर्थन में प्रचार कर रहे हैं लोगों में काफी उत्साह है। जेएमएम के प्रत्याशी यहां से भारी मतों से विजय होंगे और विधानसभा क्षेत्र का पूरा पूरा विकास होगा । इसके लिए इन्हें पूर्व में ही मंत्री बना दिया गया है और यहां मुख्यमंत्री भी पहुंचेंगे सभा करेंगे। हम लोगों को पूरा विश्वास है महागठवन्धन के प्रत्याशी की जीत निश्चित है। मौके पर राजद के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

रणधीर सिंह भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह के पक्ष में क्षेत्र में जमकर बहा रहे है पसीना

मधुपुर। विधानसभा उपचुनाव को लेकर जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है।भाजपा के द्वारा चुनावी जनसंपर्क अभियान इस भीषण गर्मी में भी तेज कर दी गई है।अहले सुबह से लेकर देर रात तक क्षेत्र में मतदाताओं के बीच नजर आ रहे हैं।इसी क्रम में गुरुवार को सारठ विधायक और पूर्व मंत्री रणधीर सिंह भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह के पक्ष में क्षेत्र में जमकर पसीना बहा रहे है। जनसंपर्क अभियान में ग्रामीणों को 17 अप्रैल को होने वाले मतदान में गंगा नारायण सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के बिल्ली, जमुनी, लखीबाजार, रूपाबाद, मटियारा, पनियारा, गजनडा, आमदीहा समेत विभिन्न पंचायत के दर्जनों गांव में भाजपा विधायक रणधीर सिंह और भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने संयुक्त रुप से तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाते हुए ग्रामीणों से समर्थन की अपील की। मौके पर भाजपा विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से मधुपुर के क्षेत्र में गरीबों के मसीहा के रूप में गंगा नारायण सिंह जाने जाते हैं। इस बार के चुनाव में भाजपा के तरफ से आपके घर का बेटा को चुनाव मैदान में उतारा गया। ताकि आपके घर का बेटा आपके हर सुख दुख में आपके साथ खड़ा रहे। वही भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने कहा कि मधुपुर के विकास के लिए आपसे एक बार मौका मांगने आया हूं। मैं वादा करता हूं कि आपसे मैं विधानसभा के लोगों के साथ हर सुख दुख में पड़ा रहने के साथ क्षेत्र की समस्याओं को निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक दूर करने का काम करूंगा। आगामी 17 अप्रैल को आप अपने घर के बेटा को मतदान कर मधूपुर के विकास को आगे बढ़ाने का काम करेंगे इस।मौके पर दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

हेमंत सोरेन उपचुनाव को लेकर 14 अप्रैल तक करेंगे जनसभा और रोड शो

- **उपायुक्त व पुलिस कप्तान देवघर ने संयुक्त रुप से हेलीपैड और आवासन की तैयारी का लिया जायजा**



मधुपुर। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मधुपुर आने की सूचना पर प्रशासन चौकस हो गया है । मुख्यमंत्री का प्रस्तावित मधुपुर विधानसभा कार्यक्रम को लेकर जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भंजत्री व पुलिस अधीक्षक अश्वनी कुमार सिन्हा ने गुरुवार को मधुपुर पहुंचकर शेखपुरा मैदान व मुख्यमंत्री आवासन स्थल का निरीक्षण किया उपायुक्त ने मधुपुर अनुमंडल प्रशासनिक पदाधिकारियों से मुख्यमंत्री आवास स्थल परिसर सुरक्षा व हेलीपैड स्थल सुरक्षा के संबंध में जानकारी लिया और आवशयक निर्देश दिएकमौके पर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री का मधुपुर में शुक्रवार को आगमन हो रहा है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से शेखपुरा मैदान स्थित हेलीपैड स्थल व आवासन स्थल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि आदर्श चुनाव में आदर्श आचार संहिता अनुपालन कराने के लिए स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है । इससे बचने के लिए लोग मास्क पहने और सैनिटाइजर का उपयोग करें । मौके पर जिले के पुलिस कप्तान अश्वनी कुमार सिन्हा ने कहा कि चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए कई वीआईपी जेड प्लस सुरक्षा श्रेणी वाले आने वाले हैं। उनको सुरक्षा मुहैया कराना जिला प्रशासन का दायित्व है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेलीपैड स्थलों का निरीक्षण किया गया। मौके पर एसडीओ निर्वाची पदाधिकारी योगेंद्र प्रसाद, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, एसडीपीओ विनोद रवानी, अंचल पुलिस निरीक्षक रामदयाल मुंडा आदि मौजूद थे। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 9 से 14 अप्रैल तक मधुपुर में रहकर विधानसभा के अलग-अलग क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे!

महेशपुर के छह स्थानों पर चलाया मास्क जांच अभियान

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

महेशपुर(पाकुड़)। जिला प्रशासन के निर्देश पर गुरूवार को प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी द्वारा विशेष मास्क जांच अभियान चलाया गया। जिसमें अंबेदकर चोंक, शहरग्राम चोंक, सोनारपाड़ा मोड़, रद्दीपुर मोड़ समेत छह स्थानों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी रंजीत कुमार मंडल, ओमप्रकाश कुमार ने पर विशेष मास्क जांच अभियान चलाया। मास्क जांच अभियान के दौरान सीआई देवकांत सिंह, एसके बैध ने आने जाने वाले हरेक बाइक, टोटो, ओटो, ट्रैक्टर आदि वाहनों को रोककर मास्क की जांच किया। जांच के दौरान मास्क नही लगाने वाले व्यक्ति को कड़ी फटकार लगाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया। साथ ही अगले दिन से मास्क नही पहनने पर जुर्माना वशुलने की बात कही गई।

दल बदलू प्रत्याशी को मधुपुर की जनता सिखाएगी सबक : रामेश्वर उरांव

मधुपुर।

मधुपुर उप चुनाव की तारीख जैसे-जैसे करीब आते जा रहे हैं वैसे वैसे चुनावी तापमान बढ़ते जा रहे हैं। चुनावी समीकरण बनाने में प्रदेश के भाजपा और महागठबंधन के बड़े नेताओं की कैम्पैन शुरू हो गया है। वही आज कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष झारखंड सरकार के मंत्री रामेश्वर उरांव ने कांग्रेस कमेटी के सभी जिला अध्यक्षों और प्रखंड नगर कमेटी के सदस्यों के साथ शहर के राजबाड़ी कैंपस में बैठक कर महागठबंधन प्रत्याशी की जीत पक्की करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। मौके पर महागठबंधन के प्रत्याशी हफीजुल हसन मुख्य तौर पर उपस्थित हुए। प्रत्याशी हफीजुल हसन ने कहा यहां सभी हमारे गार्जियन बैठा हुआ है। अब गार्जियन के तौर पर अपने कार्यो को निर्वाहन करेंगे और अपना प्यार के साथ हमें अपना आशीर्वाद देंगे और जीत दिलाएंगे। इसके लिए हम तमाम आने वाले गार्जियन का शुक्रगुजार हूं! वही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष झारखंड सरकार के मंत्री रामेश्वर उरांव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों से कहा महागठबंधन के प्रत्याशी हफीजुल हसन की जीत सुनिश्चित करने के लिए आज मधुपुर में सभी संथाल परगना के 6 जिलों का जिला अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्ष नगर कमेटी सभी सदस्यों के साथ बैठक की गई और चुनावी रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने कहा महागठबंधन की जीत तय है। इसमें कोई शक की गुंजाइश नहीं यहां के माहौल और कार्यकर्ताओं जनता में उत्साह जो देखने को मिला ऐसा लगता है कि महागठबंधन प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीतेगी। उन्होंने कहा हमारी सरकार काम की बातें करती है झूठे और जुमलेबाजी से परहेज करता है। झारखंड में हेमंत सरकार चल रही है। यहां काम की बातें होती है हेमंत सोरेन ने जो चुनावी वादा किया था पूरी हो रही है उन्होंने कहा 15 लाख जरूरतमंदों को जो राशन कार्ड से वंचित रह गया था सभी को राशन कार्ड सरकार देने का काम किया है साथ में 365000 गरीब लाचार जरूरतमंदों को विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन की स्वीकृति दी गई है किसानों का 50000 की ऋण माफ किया गया मनरेगा मजदूरों को 194 रुपए से बढ़ाकर 225 मजदूरी कर दिया गया है एक सौ यूनिट बिजली फ्री करने की प्रतिक्रिया चल रही है इससे सीधे गरीब जरूरतमंद और किसानों को फायदा मिलेगा झारखंड में हेमंत सरकार काम कर रही है हमारी सरकार झूठे वादे पर विश्वास नहीं रखता उन्होंने भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी पर तंज कसते हुए कहा जो बाबूलाल मरांडी झारखंड विकास मोर्चा में थे तो कहते थे के कुतुब मीनार से कूदकर खुदकशी कर लूंगा।

संताल परगना की संताल जनजाति पर ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण शोध कार्यो के अग्रणी थे

नार्वे के मिशनरी जोहान्स गाउसडल (1988-1981)

डॉ दिनेश नारायण वर्मा
इतिहासकार

संताल परगना में जिन विदेशी विद्वानों ने जनजातियों पर शोध कार्य किये उनमें नार्वे के मिशनरी जोहान्स गाउसडल (16 मई 1888--27 सितम्बर 1981)अग्रगण्य थे। जनजातियों पर उनके शोध कार्यों से एक परिश्रमी शोधकर्ता और विद्वान लेखक के रूप में उन्हें वैश्विक प्रसिद्धि मिली और उनके शोधकार्यों की प्रशंसा की गई।उन्होंने एक अन्य प्रख्यात नार्वेजियन लेखक ओलाव होडने (1921- 2009) से पूर्व संताल परगना की संताल जनजाति पर शोध कार्य किये जो विभिन्न सम्पादित पुस्तकों और शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। संताल परगना में उन्होंने द नोर्दर्न चर्चेज के द संताल मिशन में वर्ष 1915 से काम करना शुरू किया और संतालों के सम्पर्क में आये।इसलिए उनके द्वारा दी गई सूचनाएं प्रामाणिक और महत्वपूर्ण हैं।

उनका पहला शोधकार्य ₹द खुट सिस्टम आफ द संताल्स₹,जरनल ऑफ द बिहार एंड उड़ीसा रिसर्च सोसायटी,28 (4),दिसम्बर,1942 (पृ.431-439) में प्रकाशित हुआ। लेखक के अनुसार संताल मौलिक रूप से बारह क्लानों(गोत्र,वंश) में विभक्त थे पर अन्तिम के खो जाने पर ग्यारह क्लान रह गये। उनके अनुसार प्रत्येक क्लान कई खुटों (सब-सेप्ट्स) में विभक्त हैं। लेखक ने जॉर्ज कैम्पबेल, पी.ओ.बोडिंग और सी.एच.कुमार द्वारा दिये खुटों की सूची की भी समीक्षा की और अपनी रचना में इसका उल्लेख किया ।लेखक ने यह भी जानकारी दी है कि पी.ओ.बोडिंग ने चर्च के रजिस्टर में स्वयं कई खुटों का उल्लेख किया था जिसे गाउसडल ने अपने शोध पत्र में वर्णित किया।

वर्ष 1952 में गाउसडल का एक प्रमुख शोध पत्र ₹एनसेसट्रल एंड सैक्रिफिसियल कलान्स अमौंग द संताल्स₹,जरनल ऑफ द एशियाटिक सोसायटी(साइन्सेस),19



(1) कलकत्ता(1952,पृ.1-97) में प्रकाशित हुआ। संताल परगना की संताल जनजाति पर गाउसडल का यह दूसरा प्रमुख शोध कार्य था। इस शोध आलेख में काफी व्यापक विवेचना है जिसमें लेखक ने एनसेसट्रल एंड सैक्रिफिसियल कलान्स के द्वारा संतालों के अपने पूर्वजों के साथ सचेत सम्बन्ध को स्पष्ट किया है।कुछ महत्वपूर्ण सूचनाएं देने के बाद लेखक ने सम्बन्धित तथ्यों की विवेचना की है।इसमें संताल समाज की सम्पूर्ण विवेचना किये जाने से यह काफी मूल्यवान है।कुछ संताल गांवों में पाये जाने वाले क्लान का सारणी देकर लेखक ने विषय पर अपनी मजबूत पकड़ को स्पष्ट कर दिया है। वर्ष 1952 में ही उनका तीसरा शोध पत्र ₹द संताल इवांजेलिक लुथरन चर्च₹, सी.एच.स्वावेली द्वारा संपादित पुस्तक ₹द लुथरन इंटरप्राइज इन इंडिया₹ में प्रकाशित हुआ जिसे द फेडेरेशन ऑफ लुथरन चर्चेज इन इंडिया, मद्रास (1952 पृ.106-122) द्वारा प्रकाशित किया गया था।इस सम्बन्ध में उल्लेखनीय यह है कि बोएरसीन (एक डेन) और नार्वेजियान स्क्रेफ्रुडने संताल परगना के संताल जनजाति में काम करना शुरू किया थाजो लुथरन चर्च से जुड़े थे।वर्ष 1910 में इसका नाम बदल कर द संताल मिशन (द नोर्दर्न चर्चेज) कर दिया गयावर्ष 1915 में लेखक इससे जुड़े और संतालों में काम करने लगे।बाद में मिशन का काम असम और उड़ीसा के संतालों में भी प्रसारित हो गया। सांस्कृतिक रूप से संतालों के उत्थान के लिए किये कार्यों की भी इसमें विवेचना है।कई विद्यालय खोले गये और बेनागरिया में एक प्रेस स्थापित किया गया।स्क्रेफ्रुड और बोडिंग ने अपने कार्यों से संतालों के सम्बन्ध में जानकारी दी।इसलिए गाउसडल का कहना है कि संताल विद्रोह 1855-1856 के परिणामस्वरूप केवल शासक वर्ग को ही नहीं बल्कि विभिन्न मिशनरियों को भीसंतालों की जानकारी हो गयी।

गाउसडल की पुस्तक ₹द संताल खुट्स₹,एच.ए. एंड कम्पनी,ओस्लो से 1960 में प्रकाशित हुआ। यह उनके पहले शोधकार्य ₹द खुट सिस्टम आफ द संताल्स₹ (1942) के प्रकाशन के अठरह साल बाद प्रकाशित हुआ। इसमें विद्वान लेखक ने संताल समाज में मान्यता प्राप्त प्रचलित विवाह कानूनों की विवेचना की और स्पष्ट किया कि संताल स्वयं के क्लान में विवाह नहीं कर सकते। उनके अनुसार इंटर-सब-क्लान विवाह के मामले में यह निषेध सख्ती से लागू है। उन्होंने बताया कि साधारणतया कोई संताल उस कन्या से विवाह नहीं करता जो उसके मां के क्लान से सम्बन्धित है पर ऐसा करने पर उसे यह

विशेष रूप से ध्यान रखना पड़ता है कि वह युवती उसकी मां के खुट से नहीं है। हालांकि खुट कितने हैं किसी को इसकी जानकारी नहीं है और विभिन्न लेखकों की रचनाओं से इस सम्बन्ध में विभिन्न जानकारियां मिलती है,पर गाउसडल ने अपनी पुस्तक में प्रत्येक क्लान के खुट की बड़ी सूची दी है।उनकी विवेचना विभिन्न सूचनाओं और किवदन्तियों पर आधारित है। उनकी रचना की एक विशेषता यह भी है कि जहां सम्भव हो सका है लेखक ने प्रत्येक खुट के पौराणिक इतिहास की विवेचना की है। लेखक ने यह स्पष्ट किया है कि खुट प्रथा (खुट सिस्टम)घनिष्ट रूप से बोंगाओं (आत्माओं) की पूजा से जुड़ा है। पुस्तक में खुट के बोंगाओं की प्रामाणिक जानकारी दी गई है। इस प्रकार यह रचना सम्बन्धित विषय पर अमूल्य सूचनाओं का संकलन है जो लेखक की विषय के सम्बन्ध में व्यापक अध्ययन और मौलिक जानकारी के प्रामाणिक साक्ष्य हैं।।

(लेखक सिदो कान्हू मुर्मू वि.वि. दुमका,झारखंड के इतिहास के सेवानिवृत शिक्षक और संताल परगना के क्षेत्रीय व जनजातीय इतिहास के जानकार हैं।)

कैसी थी अंतरिक्ष से आई पहली तस्वीर

रंगीन गैस और धूल

» यह तस्वीर 1999 में ली गई है। यह कैरिना नेबुला के अंदर कीहोल नेबुला की तस्वीर है। इसमें गर्म गैस के साथ-साथ ठंडी धूल और उसके अणुओं को एक-दूसरे के चारों तरफ मंडराते देखा जा सकता है।

धूमकेतु

» 10 अप्रैल, 2013 को हबल ने धूमकेतु ऐसडठ की तस्वीर ली। यह सूरज के काफी करीब से गुजरा था।

हॉर्सहेड नेबुला

» हबल ने 2001 में इस नेबुला की तस्वीर ली थी। घोड़े के सिर जैसी आकृति की वजह से इसे हॉर्सहेड नेबुला कहा जाता है। इस तस्वीर में आप धूल और गैस के बादल के बीच एक युवा तारे को देख सकते हैं।

तारों के बनने की जगह

» यह तस्वीर हबल ने 1995 में ली थी। इसमें ईगल नेबुला के एक क्षेत्र की तस्वीर है जो तारों के बनने की प्रमुख जगह है। इससे तारों के पैदा होने और उनके बारे में ज्यादा जानकारी मिलती है।



गैस और धूल की रिंग

» अंतरिक्ष में गैस और धूल की रिंग जैसी आकृति को नेबुला कहा जाता है। यह तस्वीर हबल ने 1998 में ली थी। इस तस्वीर में धरती से 2000 प्रकाश वर्ष दूर गैसों की रिंग जैसी आकृति है जो धीरे-धीरे फैल रही है।

शनि का बदलता दृश्य

» 1966 से 2000 के बीच हबल ने शनि ग्रह की कई तस्वीरें लीं और हर में कुछ न कुछ बदलाव नजर आता है।

सोम्ब्रेरो गैलेक्सी

» हबल ने 2003 में सोम्ब्रेरो गैलेक्सी की तस्वीर ली थी। यह चमकदार गैलेक्सी है जिससे प्रकाश निकल रहा है।

साभार – नवभारत टाईम्स

परमाणु शक्ति बना था भारत, दुनिया रह गई थी हैरान

18 मई 1974 को राजस्थान के पोकरण में अपने पहले भूमिगत परमाणु बम का परीक्षण किया था। इस परीक्षण के साथ भारत दुनिया के उन छह देशों में शामिल हो गया जो परमाणु शक्ति संपन्न देश थे। पहले पांच देश अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, चीन और फ्रांस के पास परमाणु शक्ति थी। परीक्षण से पहले दुनिया को भनक तक नहीं लगी थी और जब सबको इस बारे में पता चला तो दुनिया हैरान रह गई थी...

स्माइलिंग बुद्धा ही क्यों नाम पड़ा?

» इस ऑपरेशन का नाम स्माइलिंग बुद्धा था। परमाणु परीक्षण वाले दिन बुद्ध पूर्णिमा भी पड़ रही थी। इसको ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिकों ने इस ऑपरेशन का नाम स्माइलिंग बुद्धा रखने का सुझाव दिया और मिसाइल पर स्माइलिंग बुद्धा का फोटो भी बनाया गया था। परमाणु परीक्षण टीम में 75 वैज्ञानिक शामिल थे। सुबह आठ बज कर पांच मिनट पर भारत ने अपने पहले परमाणु बम पोकरण का सफल टेस्ट कर पूरी दुनिया में अपना लोहा मनवाया था। उस बम की गोलाई करीब 1.2 मीटर थी और वजन 1400 किलोग्राम था। इसकी वास्तविक विस्फोटक शक्ति 8 से 12 किलोटन टीएनटी थी।

अमेरिका समेत पूरी दुनिया को भनक तक नहीं लगी

» यह भारत की एक बड़ी उपलब्धि थी क्योंकि दुनिया की महाशक्तियों को भनक तक नहीं लगी और भारत ने परमाणु परीक्षण कर लिया। साथ ही यह दुनिया भर में मशहूर अमेरिकी खुफिया एजेंसी की यह बड़ी असफलता भी थी। हालांकि अमेरिका को संकेत मिल गया था कि भारत परमाणु परीक्षण कर सकता है लेकिन तत्कालीन निक्सन ऐडमिनिस्ट्रेशन ने भारत को कम करके आंका। इसका श्रेय भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च ऐंड अनैलिसिस विंग (रॉ) को भी जाता है। हालांकि अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने भारत को किसी भी परमाणु परीक्षण के परिणाम को लेकर चेताया था लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इसकी परवाह नहीं की और परमाणु कार्यक्रम को रुकने नहीं दिया।

साभार – नवभारत टाईम्स

वह टीम जिसने यह अद्भुत कारनामा कर दिखाया

» टीम के लीडर भौतिक वैज्ञानिक राजा रमन्ना थे जो भाभा अटॉमिक रिसर्च सेंटर (बीएआरसी) के निदेशक थे। उन्होंने सिस्टम डिवेलपमेंट के काम में समन्वय के लिए डिफेंस रिसर्च ऐंड डिवेलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) के तत्कालीन निदेशक और रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ.बसंती दुलाल नाग चौधरी के साथ मिलकर काम किया। पी.के.आयंगर ने डिवेलपमेंट के प्रयास में निर्देशन में अहम भूमिका निभाई और आर.चिदंबरम ने न्यूक्लियर सिस्टम डिजाइन का नेतृत्व किया। डॉ.नगापट्टिनम संबासिवा वेंकटेशन ने चंडीगढ़ स्थित डीआरडीओ टर्मिनल रिसर्च लैबरेट्री का निर्देशन किया जहां सिस्टम को बनाया गया।

यूं शुरू हुआ था यह सफर

» भारत को परमाणु शक्ति बनाने का काम आजादी से कुछ साल पहले 1944 में ही शुरू हो गया था। इसका नेतृत्व महान भौतिक वैज्ञानिक होमी जे.भाभा ने किया था। होमी जे. भाभा के ही निर्देशन में भारत ने अपने इतिहास में परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था। होमी भाभा ने भौतिक वैज्ञानिक राजा रमन्ना के साथ परमाणु कार्यक्रम पर काम करना शुरू किया। इसके बाद कई और बड़े वैज्ञानिक इस मुहिम से जुड़े। परमाणु कार्यक्रम ने प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के कार्यकाल में रफ्तार पकड़ी थी। जब यह सफल कार्यक्रम अंत तक पहुंचा तब देश की कमान प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हाथों में थी। उन्होंने भी देश के परमाणु कार्यक्रम को पूरा समर्थन दिया। वैज्ञानिकों ने भी इसे बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जिसका नतीजा यह हुआ कि 1974 के आते-आते भारतीय वैज्ञानिकों का दल भारत को एक परमाणु बम देने में कामयाब हो गया।

12 साल की उम्र में ही जुकरबर्ग ने किया था यह कमाल

मार्क जुकरबर्ग से जुड़ीं रोचक बातें

» फेसबुक वह सोशल साइट जिसने दुनिया के लाखों-करोड़ों लोगों को एक सोशल प्लैटफॉर्म मुहैया कराया। आज के समय में फेसबुक कुछ हद तक जरूरत जैसा बन गया है। यह समाचार, विज्ञापन के साथ ही व्यापार का भी एक माध्यम बन गया है। इस फेसबुक के संस्थापक या दुनिया को फेसबुक देने वाले मार्क जुकरबर्ग का आज जन्मदिन है। आज ही के दिन यानी 14 मई, 1984 को मार्क जुकरबर्ग का जन्म न्यू यॉर्क, अमेरिका में हुआ था। वह दुनिया के प्रमुख सीईओ में से एक है। आइए आज उनके जन्मदिन के मौके पर उनसे जुड़ीं कुछ रोचक बातें जानते हैं...

फेसबुक का रंग नीला क्यों?

» मार्क जुकरबर्ग कलर ब्लाइंडनेस से पीड़ित हैं। वह लाल और हरे रंग को नहीं देख पाते हैं। यही वजह है कि फेसबुक का का रंग नीला है।

कई भाषाओं पर पकड़

» पुरानी भाषाओं जैसे लैटिन को सीखने में उनको काफी दिलचस्पी है। वह मंडारिन भी बोल सकते हैं।

फेसबुक बेचने को ऑफरों को ठुकराया

» न्यूजकॉर्प, माईस्पेस, वियाकॉम, याहू, एनबीसी, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल समेत कई कंपनियों ने फेसबुक को खरीदने का ऑफर दिया लेकिन जुकरबर्ग ने उन ऑफरों को ठुकरा दिया।

12 साल में कमाल

» जुकरबर्ग ने 12 साल की उम्र में ही पहला इंस्टैंट मेसेजिंग ऐप बना दिया था। उसका नाम जकनेट था। उन्होंने वह ऐप अपने डेंटिस्ट पिता के लिए बनाया था ताकि उनको मरीजों के आने के बारे में पता चल सके।

उनका डॉगी भी है सिलेब्रिटी

» जुकरबर्ग के हंगरियन शीपडॉग का नाम ई23 है। उसका अपना फेसबुक पेज है जिसको 2.5 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं।

उनका फेसबुक पेज

» कहा जाता है कि जुकरबर्ग के पास 12 लोगों की एक टीम है जो उनके फेसबुक पेज को संभालती है। वही लोग उनके लिए पोस्ट लिखते हैं, फोटोग्राफ लेकर पोस्ट करते हैं और पोस्ट पर आए कॉमेंट्स पर नजर रखते हैं।

फोटो में दिखते हैं ज्यादा लंबे

» असल में जुकरबर्ग की लंबाई करीब पांच फीट सात या आठ ईंच है। लेकिन वह तस्वीरों में ज्यादा लंबे दिखते हैं। यह तस्वीर खिंचाते समय पोजिशन की ट्रिक का कमाल है।

फेसबुक पर ब्लॉक नहीं कर सकते

» आप अगर फेसबुक पर मार्क जुकरबर्ग को ब्लॉक करना चाहें तो नहीं कर पाएंगे। आप उनको अनफॉलो तो कर सकते हैं लेकिन ब्लॉक नहीं। जुकरबर्ग या फिर उनकी पत्नी प्रिसिला चैन को ब्लॉक करने का ऑप्शन यूजरों के पास नहीं होता है।

साभार – नवभारत टाईम्स

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136) आरएनआई प्रिंट कोड-2019096529